भाद्रपद शुक्ल पक्ष सप्तमी संवत् 2081 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-09, अंक - 58 पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल

31 अगस्त 2025 रविवार

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो

आज का मौसम

26 अधिकतम

23 न्यूनतम



Page-7

# ये क्या राहुल जी ..... मोहब्बत की दुकान की जगह नफरत का बाजार सजा बैठे?



प्रसंगवश

राजेश सिरोठिया

राहुल जी आपको आखिर क्या हो गया है। कन्याकमुारी से लेकर कश्मीर तक की यात्रा में आप मोहब्बत की दुकान खोलने की बात कर रहे थे, फिर भला क्यों नफरत का बाजार सजा बैठे। नफरत का बाजार भी आपने ही गढ़ा था। कहा था कि नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोल रहे हैं। और नफरत का बाजार खोल बैठे। प्रधानमंत्री की स्वर्गीय माताश्री की को आपके स्वागत मंच से कोई शख्स मॉ की गालियां दे रहा है। आपको नहीं लगा कि इस कृत्य के लिए माफी मांगी जाए? जिस लोकतंत्र और संविधान की आप दुहाई देते हैं, वह कहां चला गया? कई दिन बाद भी आपके श्रीमुख से खेद के दो बोल भी नहीं फूटे। उम्र पचपन और मन बचपन। आपसे बड़प्पन की उम्मीद तो कतई नहीं पर लड़कपन से मुक्ति कब पाएंगे?

2019 के लोकसभा चुनाव में देश की दूसरी सबसे बड़ी पार्टी के अध्यक्ष होने के बावजूद राफेल की खरीदी को लेकर 'चौकीदार चोर है' का नारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए गढ़ा। पूरी भाजपा ने 'मैं भी चौकीदार' के बिल्ले अपने सीने पर लगाकर इसका लोकतांत्रिक तरीके से प्रतिकार किया। उससे ज्यादा जवाब देकर देश की जनता ने भाजपा को 300 के पार पहुंचा दिया। लेकिन आपने इसका ठीकरा ईवीएम मशीनों के माथे फोड़कर अपना पद त्याग दिया। इसके बाद कई महीने की चुप्पी के बीच मप्र में भी आपकी सरकार चली गई। राजस्थान में प्रियंका गांधी के दखल से किसी तरह बची। छत्तीसगढ़ में अच्छे खासे बहुमत से बनी कांग्रेस की सरकार भूपेश बघेल और टीएस सिंहदेव के ढाई-ढाई साल के भंवर में फंसी रही लेकिन उस फार्मूले का पालन नहीं हुआ। कर्नाटक में भी इसी फार्मूले के तहत डीके शिवकुमार को मुख्यमंत्री बनाने से कन्नी काट ली। आपने परिवारवाद के आरोपों से निजात पाने के लिए 83 साल के मल्लिकार्जुन खरगे के बतौर कठपुतली अध्यक्ष बनाया और खुद नेता प्रतिपक्ष बन बैठे।

21 साल के संसदीय कार्यकाल में सदन की नियम प्रक्रिया और परपंराओं को सीखने के बजाए उन्हें ताक पर रख दिया। 2024 के लोकसभा चुनाव में मोदी के अति आत्मविश्वास और रणनीतिक चूकों के चलते भाजपा के 240 पर टिकने को वे अपनी जीत मान बैठे। मात्र 99 सीटों पर जीते राहुल को लगा कि एनडीए सरकार गिर जाएगी। लेकिन हुआ इससे उल्टा। हरियाणा में जीती जिताई बाजी हारने और महाराष्ट्र तथा दिल्ली में कांग्रेस को मिली करारी शिकस्त के बाद उन्होंने सोचा कि हार का ठीकरा किस के माथे फोड़ें। सवा साल बाद बैगलुरू लोकसभा की मिसाल देते हुए दावा किया कि पूरे देश में भाजपा ने ऐसा ही मॉडल अपनाकर 25 सीटों की चोरी की। जब उनकी कर्नाटक की कांग्रेस सरकार के एक मंत्री ने इस पर सवाल उठाए तो उसे फौरन पद से बर्खास्तगी की सजा मिली।

लोकसभा चुनाव में धांधली का मुद्दा फुस्स होते ही उन्होंने निर्वाचन आयोग को वोट चुराओ आयोग का तमगा दे डाला। बिहार में मतदाता सूची के मसौदे से 65 लाख वोट काटने का विरोध कर रहे महागठबंधन के नेता तेजस्वी यादव का पल्लू थाम लिया । मतदाता सूची में पात्र वोटरों के नाम जुड़वाने और अपात्रों के नाम कटवाने के लिए बिहार में बचे-खुचे कार्यकर्ताओं को बूथ पर लगाने की बजाए वोट अधिकार यात्रा निकाल डाली। भाजपा को भी वोट चोरी के आरोपों में लपेट लिया। यात्रा में तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी और तमिलनाडू की डीएमके सरकार के सीएम को यात्रा में बुला लिया जो बिहार और यूपी के लोगों के बारे में अपमानजनक बात करते रहे हैं।

जन सुराज पार्टी के प्रशांत किशोर ने इस मुद्दे को फौरन लपका और इसे बिहार के सम्मान से जोड़कर तेजस्वी और राहुल पर बिहार के मतदाताओं पर जख्म छिड़कने का आरोप लगाकर मुहिम छेड़ दी। इससे बेपरवाह राहुल का मोदी के खिलाफ असम्मानक भाषा का सिलसिला जारी रहा जो उनके मंच से किसी कार्यकर्ता व्दारा मोदी को मां की गाली तक जा पहुंचा। इसके बाद भाजपा हमलावर है। संबित पात्रा ने कहा कि गांधीवाद की बात करने वाली कांग्रेस गालीवाद पर उतारू हो गई है । राहुल फिर भी मौन हैं और उनके प्रवक्ता खेद जताने के बजाए अनर्गल कुतर्कों पर आमादा हैं। चुनावी मौसम में दिन-ब-दिन बिहार की बदलती फिजा यह बयां कर रही है कि कहीं राहुल गांधी 2017 में यूपी की तरह अखिलेश के बाद 2025 में तेजस्वी यादव की संभावनाओं पर पलीता तो नहीं लगा रहे?

## जिनपिंग से मिले मोदी, अब पुतिन से भी होगी बात

# मुद्दत बाद मुलाकात... ड्रेगन व हाथी के जरिए अमेरिका को सीधा संदेश



नई दिल्ली/बीजिंग , एजेंसी

सात साल बाद चीन पहुंचे भारतीय पीएम नरेंद्र मोदी ने आज चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की, दोनों के बीच 50 मिनट बातचीत हुई। इस बातचीत पर दुनियाभर की नजरें हैं और इसे अमेरिकी टैरिफ वार के चलते बहुत अहम माना जा रहा है। मोदी ने बातचीत के दौरान कहा- पिछले साल कजान में हमारी बहुत उपयोगी चर्चा हुई थी, जिससे हमारे संबंध बेहतर हुए। सीमा पर सैनिकों की वापसी के बाद, शांति और स्थिरता का माहौल बना है। सीमा मुद्दे पर विशेष प्रतिनिधियों ने समझौता किया है। कैलाश मानसरोवर यात्रा दोबारा शुरू हो गई है और दोनों देशों के बीच सीधी उड़ानें भी फिर से शुरू हो रही हैं। इस मीटिंग में जिनपिंग ने कहा कि मोदी से मिलकर खुशी हुई है। ड्रैगन (चीन) और हाथी (भारत) को साथ आना चाहिए। यह बात अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप को सीधा संदेश मानी जा रही है। उधर मोदी ने ये भी कहा कि भारत और चीन के बीच सहयोग से 2.8 अरब लोगों को फायदा होगा और यह पूरी मानवता के कल्याण का रास्ता खोलेगा। उन्होंने आपसी विश्वास, सम्मान के आधार पर रिश्तों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्धता जताई है। इससे पहले मोदी ने दो दिन का जापान दौरा किया था। चीन के साथ जून 2020 में हुई गलवान झड़प के बाद भारत-चीन के संबंध खराब हो गए थे। इस यात्रा का मकसद दोनों देशों के बीच सीमा विवाद को कम करना भी है। अब मोदी आज मोदी आज चीन के तियानजिन शहर में होने वाले शंघाई सहयोग संगठन की मीटिंग में हिस्सा ले रहे हैं। इस बार चीन में इतिहास की सबसे बड़ी समिट का आयोजन हो रहा है। इसमें 20 से ज्यादा देश शामिल हैं। इनमें रूसी राष्ट्रपति पुतिन के अलावा सेंट्रल एशिया, मिडिल ईस्ट, साउथ एशिया और साउथ-ईस्ट एशिया के नेता भी हैं। कल मोदी की रूसी राष्ट्रपति पुतिन से मुलाकात है। आज जिनपिंग संग बैठक में पीएम मोदी के साथ राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, विदेश सचिव विक्रम मिसरी, चीन में भारत के राजदूत प्रदीप रावत, संयुक्त सचिव-ईस्ट एशिया गौरांग लाल दास और पीएमओ में अतिरिक्त सचिव दीपक मित्तल मौजूद थे. वहीं, शी जिनपिंग की टीम में विदेश मंत्री वांग यी, प्रधानमंत्री ली कियांग, डायरेक्टर जनरल ऑफिस काई ची और चीन में भारत के राजदूत शू फेइहोंग शामिल हुए।

### मोदी-जिनपिंग के बीच संवाद

**मोदी-** चीन और भारत दो प्राचीन सभ्यताएं हैं। हम दुनिया के दो सबसे अधिक आबादी वाले देश हैं। हम ग्लोबल साउथ के भी महत्वपूर्ण सदस्य हैं। हम दोनों अपने लोगों की भलाई के लिए जरुरी सुधार लाने और मानव समाज की प्रगति को बढ़ावा देने की ऐतिहासिक जिम्मेदारी निभाते हैं।

**जिनपिंग-** चीनी राष्ट्रपति ने कहा कि दोनों देशों के लिए यह सही है कि ऐसे साझेदार बनें जो एक-दूसरे की सफलता में सहायक हों। ड्रैगन और हाथी एक साथ आएं।

## मन की बात: पीएम ने दी मप्र के खिलाड़ियों को बधाई

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम मन की बात का 125वां एपिसोड रविवार को प्रसारित हुआ। इस दौरान मोदी ने खेल, आपदा प्रबंधन और जम्मू-कश्मीर की बदलती तस्वीर का जिक्र किया। उन्होंने खास तौर पर खेलो इंडिया वाटर स्पोर्ट्स में मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन की सराहना की और सबसे ज्यादा मेडल जीतने पर प्रदेश को बधाई दी। प्रधानमंत्री ने कहा, मैं उन सभी खिलाड़ियों को बधाई देता हूं जिन्होंने इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। विशेष बधाई मध्यप्रदेश को, जिसने सबसे ज्यादा मेडल जीते। इसके बाद हरियाणा और ओडिशा का स्थान रहा। उन्होंने जम्मू-कश्मीर सरकार और वहां की जनता की भी सराहना की। इस दौरान पीएम ने कहा कि बीते दिनों देश के कई हिस्सों में अतिवृष्टि और बाढ़ की वजह से कठिन परिस्थितियां बनीं। लेकिन राहत-बचाव दलों ने मुस्तैदी से काम करते हुए लोगों को सुरक्षित निकाला। उन्होंने कहा कि इस बीच जम्मू-कश्मीर ने ऐसी उपलब्धियां हासिल कीं, जिन पर शायद देश का ज्यादा ध्यान नहीं गया। पीएम ने कहा कि कई उम्मीदवार यूपीएससी की फाइनल लिस्ट में जगह नहीं बना सके। उनकी जानकारी डिजिटल प्लेटफॉर्म प्रतिभा सेतु एप पर उपलब्ध कराई जा रही है। जो देश की बड़ी-बड़ी कंपनियों के साथ शेयर की जाएगी, ताकि उन्हें इन कंपनियों में अच्छी जॉब मिल सके।

### संडे ऑन साइकिल @ भोपाल



भाजपा सांसद आलोक शर्मा ने आज #SundayOnCycle अभियान के तहत युवाओं के साथ वीआईपी रोड स्थित राजा भोज की प्रतिमा से बड़े तालाब तक साइकिलिंग की। उनके साथ खेल एवं युवा कल्याण विभाग मंत्री विश्वास सारंग सहित अनेक साइकिल राइडर भी थे। (खबर देखें पेज-2 पर)

## विपक्ष के ड्रामे से उसे ही नुकसान, सरकार को नहीं: रिजिजू

बेंगलुरू , एजेंसी



संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने राहुल गांधी का नाम लिए बिना कहा है कि अगर किसी दल का नेता बहस या चर्चा में रुचि नहीं रखता और सिर्फ राजनीतिक ड्रामा करना चाहता है तो विपक्ष का नुकसान हो रहा है, सरकार का नहीं। रिजिजू ने यह भी कहा है कि हमारी सरकार बहुमत में है और चाहे तो विधेयक पास करवा लेगी, लेकिन इससे विपक्ष के सांसदों का ही नुकसान होगा।

दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की संसदीय प्रणाली विषय पर वकीलों के संगठन को संबोधित करते हुए रिजिजू ने कहा कि मैं युवा सांसदों से कहता हूं कि जब आपका नेता आपको संसद में हंगामा करने के लिए कहे तो उसका विरोध करें। आप संसद में जनता की आवाज उठाने के लिए आए हैं, न कि केवल हंगामा करने के लिए।

## उज्जैन में कार समेत बहे सवार तवा बांध के गेट फिर खुले

भोपाल/ नई दिल्ली , एजेंसी

मध्यप्रदेश में भारी बारिश से नदी-नाले उफान पर हैं, हालांकि सभी जिलों में एकसाथ बारिश का दौर अब नहीं है। मगर बारिश वाले जिलों में जनजीवन अस्तव्यस्त है। उज्जैन में कार सवार पुलिया से बहते हुए कार समेत झाड़ियों में फंस गए और कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाले गये। उज्जैन में गंभीर डैम का एक गेट खोलकर पानी छोड़ा जा रहा है। नर्मदापुरम में तवा




डैम के तीन गेट आज भी खुले हुए हैं। रायसेन में भारी बारिश के बाद राहतगढ़ वाटरफॉल 80 फीट ऊंचाई से गिर रहा है। आज मप्र में ग्वालियर-गुना समेत मध्यप्रदेश के 23 जिलों में रविवार को भारी बारिश का अलर्ट है। आज भोपाल, इंदौर, उज्जैन, जबलपुर, चंबल और सागर संभाग में भी तेज बारिश के आसार हैं।

### पंजाब-हिमाचल में बिगड़े हालात

पंजाब के आठ जिलों में भारी बारिश के बाद 1018 गांवों में बाढ़ की स्थिति विकट है। बाढ़-बारिश में अब तक 8 लोगों की मौत हो गई है। तीन लोग लापता हैं। 11 हजार से ज्यादा लोगों को सुरक्षित जगह शिफ्ट किया गया है। धुस्सी बांध टूट गया। इसके चलते पानी करीब 15 किलोमीटर दूर अजनाला शहर तक पहुंच गया। जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले के बदर गांव में हुई लैंडस्लाइड हुई। मलबे से अब तक 7 शव बरामद किए गए हैं। वहीं, रामबन के राजगढ़ में बादल फटने से 4 लोगों की मौत हो गई। कटरा में वैष्णो देवी यात्रा 6 दिन से रुकी है। हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले में मणिमहेश यात्रा भी रोकी गई है। उत्तर प्रदेश में 18 जिलों में बाढ़ जैसे हालात हैं।

### आज का कार्टून




### मेट्रो एंकर

### अभी भारत के पांच शहरों से 56 फ्लाइट्स

# भारतीय छात्रों के लिए ब्रिटिश एयरवेज देगी खास गिफ्ट

लंदन , एजेंसी

ब्रिटेन पढ़ने जा रहे भारतीय छात्र यदि ब्रिटिश एयरवेज के विमान की सवारी करेंगे तो एयरलाइंस उन्हें एक खास गिफ्ट देगी। इस एयरवेज ने भारतीय शहरों से लंदन के हीथ्रो एयरपोर्ट जाने वाले भारतीय छात्रों के लिए %स्टूडेंट ट्रैवल असिस्टेंस% की शुरुआत की है। भारतीयों को ये सुविधा अक्टूबर 2025 के अंत तक मिलती रहेगी। %स्टूडेंट ट्रैवल असिस्टेंस% का फायदा सिर्फ उन्हीं लोगों को मिलेगा, जो ब्रिटिश एयरवेज से सफर कर रहे हैं। ब्रिटिश एयरवेज का कहना है कि %स्टूडेंट ट्रैवल असिस्टेंस% के जरिए भारतीय छात्रों का यात्रा अनुभव आसान और आरामदायक बनाया जाएगा। एयरलाइंस की तरफ से पहली बार इस तरह की सुविधा दी जा रही है।




गौरतलब है कि ब्रिटेन भारतीयों के बीच हायर एजुकेशन के लिए एक पॉपुलर डेस्टिनेशन रहा है। यहां पर एक लाख से ज्यादा भारतीय पढ़ाई कर रहे हैं। इस साल भी हजारों स्टूडेंट्स ब्रिटेन जाने वाले हैं। स्टूडेंट्स आमतौर पर लंदन के हीथ्रो एयरपोर्ट तक की टिकट लेते हैं, जो ब्रिटिश राजधानी का एक एयरपोर्ट है। एयरलाइंस ने बताया है कि भारतीय छात्रों को अलग से चेक-इन डेस्क मिलेगा। इसी तरह से छात्रों को टर्मिनल के माध्यम से रास्ता खोजने में सहायता की जाएगी और हीथ्रो टर्मिनल 5 पर आगमन पर गाइडेंस दिया जाएगा। ये सुविधा सिर्फ उन्हीं भारतीय छात्रों के लिये है जो एयरवेज से उड़ान भर रहे हैं और उन्होंने दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु, हैदराबाद और चेन्नई से फ्लाइट ली है। अभी इन पांच शहरों से ब्रिटिश एयरवेज हर हफ्ते 56 फ्लाइट्स ऑपरेट कर रही है।

### पोस्ट स्टडी वर्क वीजा भी

विदेश मंत्रालय के मुताबिक, जनवरी 2024 तक ब्रिटेन में 1.33 लाख से ज्यादा भारतीय छात्र पढ़ाई कर रहे थे। ब्रिटेन भारतीय छात्रों के बीच काफी पॉपुलर स्टडी अब्रॉड डेस्टिनेशन है। इसकी एक मुख्य वजह ये है कि यहां पर दुनिया की टॉप यूनिवर्सिटी हैं। ब्रिटेन में भारतीय छात्रों को पोस्ट-स्टडी वर्क वीजा भी मिलता है, जिसके जरिए वे 18 महीने तक देश में नौकरी कर सकते हैं।

## राजधानी में गणेशोत्सव की धूम



नादरा बस स्टैंड गणेशजी की झांकी।



भोपाल के हनुमानगंज मार्केट की झांकी।



छोला खेड़ापति हनुमान मंदिर के सामने गणेशजी की झांकी।

### क्वांटम टेक्नोलॉजी कैपिटल और स्मार्ट टाउनशिप के रूप में विकसित करने का अवसर

# राजधानी के सबसे बड़े लैंडबैंक से उम्मीदें नई टाउनशिप पॉलिसी का इंतजार

**भोपाल, दोहपर मेट्रो**

**राजधानी के विकास और इसके 'चेहरे' को नयी रंगत देने के लिए भेल की थोकबंद जमीन नई आस बन रही है। माना जा रहा है कि यदि नीतियां सही दिशा में आगे बढीं और विकास व पर्यावरण में संतुलन रखा गया तो भेल की हज़ारों एकड़ रिक्त भूमि को क्वांटम टेक्नोलॉजी कैपिटल और स्मार्ट टाउनशिप के रूप में विकसित करने का यह बेहतर अवसर राजधानी के सामने है।**

जानकारी के मुताबिक मप्र सरकार ने इंटीग्रेटेड टाउनशिप पॉलिसी 2025 के नियमों को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस नीति में ईज ऑफ डूइंग बिज़नेस और अनेक प्रोत्साहन शामिल हैं, जिनसे राज्य और राजधानी के मेट्रोपॉलिटन रीजन को विशेष लाभ मिलने की संभावना है।



बताया जाता है कि पॉलिसी के तहत सिंगल विंडो क्लीयरेंस, 60 दिनों में अनुमोदन, लैंड पूलिंग, ग्रीन एरिया और नवीकरणीय ऊर्जा पर अतिरिक्त एफएआर, तथा किफायती आवास पर छूट जैसे प्रावधान किए गए हैं। साथ ही वर्क-टू-वॉक मॉडल को अपनाते हुए टाउनशिप में आवासीय, शिक्षा, स्वास्थ्य, आईटी, उद्योग और वाणिज्यिक केंद्रों को साथ विकसित करना अनिवार्य होगा। इसीलिए इंटीग्रेटेड टाउनशिप पॉलिसी अब न्यू अर्बनिज्म की दिशा में बड़ा कदम मानी जा रही है।

जानकारों का मानना है कि यह पहल राजधानी के लिए यह ऐतिहासिक महत्व वाली साबित होगी। भीषण औद्योगिक त्रासदी के चार दशक बाद, सदमे से उबर रहे शहर के पास भेल की 2200 एकड़ रिक्त भूमि ऐसा लैंड बैंक है जो किसी भी भारतीय महानगर के बीच उपलब्ध नहीं है। विशेषज्ञ मानते हैं कि इस भूमि पर एआई लाइटहाउस, क्वांटम कम्प्यूटिंग हब और स्मार्ट इंडस्ट्री टाउनशिप विकसित होकर भोपाल का भविष्य पूरी तरह बदल सकता है। अन्य राज्यों और देशों के उदाहरण भी इसकी पुष्टि करते हैं। मसलन,महाराष्ट्र और गुजरात में टाउनशिप पॉलिसियों ने निवेश आकर्षित किया है, जबकि दुबई और सिंगापुर ने ÷वर्क-लिव-लीजर÷ मॉडल से वैश्विक पहचान बनाई। मप्र की नई नीति इन्हीं बेस्ट प्रैक्टिस को स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप ढालकर और भी आधुनिक रूप में लाई गई है।

इस बारे में क्रेडाई भोपाल के अध्यक्ष मनोज मीक कहते हैं कि राजधानी के लिये यह कमाल का मौका है। न्यू अर्बनिज़्म के ये नीति-नियम भोपाल को भारत की क्वांटम टेक्नोलॉजी कैपिटल बनाने की दिशा में निर्णायक कदम हैं। राजधानी को प्राप्त यह अवसर शहर को फ्यूचर-रेडी रीजन में बदल देगा।%कमाल का भोपाल' अभियान की ओर से हम मुख्यमंत्री, मुख्य-सचिव सहित शासन-प्रशासन का आभार व्यक्त करते हैं।

उल्लेखनीय है कि भेल के पास करीब साढे चार हजार एकड जमीन है इसमें से दो हजार एकड जमीन अनुपयोगी हो गई है। भेल के सैंकडों क्वार्टर जर्जर हो चुकें हैं तथा बरसों से खाली पडे हैं। अब सरकार यहां अहमदाबाद की गिफ्ट सिटी जैसी योजना पर भी विचार कर रही है तथा यहां नई टाउनशिप विकसित करने के लिये भी कवायद कर रही है। माना जाता है कि नीति बन जाने के बाद यहां काम की गति बढेगी और बेहतर विजन भी सामने आएगा।

# 1 से यूजी-पीजी के लिए शुरू होगा विशेष सीएलसी चरण



**भोपाल, दोहपर मेट्रो**

उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत शासकीय/अनुदान प्राप्त अशासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों में, शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए, स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश के लिए पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर 1 से 6 सितंबर तक विशेष सीएलसी चरण होगा। स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश लेने के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए, यह प्रवेश का अंतिम चरण है। आयुक्त उच्च शिक्षा प्रबल सिपाहा ने बताया कि समस्त प्रवेश पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर प्रदान किए जायेंगे और यह सुविधा केवल रिक्त सीटों के लिए ही होगी। रिक्त सीटों की जानकारी विद्यार्थी के लॉगिन एवं महाविद्यालय के लॉगिन पर प्रदर्शित होंगी। पंजीकृत विद्यार्थी सम्बंधित महाविद्यालय में सीधे प्रवेश शुल्क जमा करके प्रवेश प्राप्त कर सकेंगे। मेजर, माइनर के अतिरिक्त अन्य विषय में प्रवेश प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की पात्रता, विश्वविद्यालय अपने स्तर पर निर्धारित कर सकेंगे। समस्त सम्बंधित प्राचार्यों को विश्वविद्यालय से समन्वय कर इनके पात्रता निर्धारण की कार्यवाही करनी होगी। यह प्रक्रिया 1 से 6 सितंबर तक ही होगी। उक्त प्रक्रिया के अंतर्गत 6 सितंबर को शाम 5 बजे तक प्रवेश शुल्क जमा कर प्रवेश प्राप्त किया जा सकता है। यह भी स्पष्ट किया गया है कि 6 सितंबर को निर्धारित समय के बाद किसी भी दशा में प्रवेश मान्य नहीं होंगे।

**6 सितंबर तक अंतिम तिथि, सुविधा केवल रिक्त सीटों के लिए ही होगी**

### महाविद्यालय के हैल्प सेंटर पर कर सकेंगे संपर्क

विद्यार्थी जिस महाविद्यालय में प्रवेश चाहते हैं, वहां सीट रिक्त होने पर सीधे महाविद्यालय पहुँच कर प्रवेश प्राप्त कर सकेंगे। विद्यार्थी, प्रवेश के विषय में समस्त जानकारी अथवा अन्य किसी समस्या के लिए संबंधित महाविद्यालय के हैल्प सेंटर पर संपर्क कर सकते हैं। नवीन पंजीकृत विद्यार्थी, केवल एक महाविद्यालय में पंजीयन करा सकेंगे।



**शोभायात्रा**

गुर्जर समाज ने भगवान देवनारायण की शोभायात्रा निकाली जो जवाहर चौक से शुरू होकर न्यू मार्केट गुर्जर भवन स्थित मंदिर पर जाकर समाप्त हुई।

## शीलप्रताप बने संघ के संरक्षक और मार्गदर्शक

**भोपाल।** राज्य शासकीय कर्मचारी अधिकार संरक्षण संघ की प्रांतीय कार्यकारिणी आंशिक फेरबदल किया गया है. वर्तमान प्रांताध्यक्ष शील प्रताप सिंह पुंढीर जल संसाधन से अगस्त में सेवानिवृत्त हो गए हैं। संघ के संविधान के अनुसार पुंढीर ने प्रांताध्यक्ष का पद की जिम्मेदारी से स्वयं को अलग कर लिया है। प्रांतीय कार्यकारिणी ने सर्वसम्मति से शील प्रताप सिंह पुंढीर को संघ का संरक्षक और मार्गदर्शक घोषित कर दिया है. अब पुंढीर संघठन को आगे बढ़ाने के लिए मार्गदर्शक करते रहेंगे. उन्होंने विश्वास व्यक्त किया है कि जो भी प्रांताध्यक्ष पद की जिम्मेदारी संभालेगा, वह संविधान के अनुसार कर्मचारी के हित में कार्य करेगा। शील प्रताप के संरक्षक बनने पर संघ के पदाधिकारियों ने उन्हें बधाई दी है।

## टीटी नगर में नगर निगम पर भारी अतिक्रमण

**भोपाल।** राजधानी में सरकारी जमीनों पर अतिक्रमण आम बात हो गई है. जिन जगहों से अतिक्रमण हटता है, वहां निगम की अनदेखी के कारण कुछ समय बाद फिर वही स्थिति बन जाती है. फिर से अस्थाई रूप से तम्बू और दुकानें सज जाती हैं। टीटी नगर दशहरा मैदान के सामने एक बार फिर बाहर से लोगों ने अस्थाई तंबुओं के जरिए अतिक्रमण कर लिया है. यहां डेरा जमाए लोग भिंड और ग्वालियर क्षेत्र से आए गरीब परिवार हैं. जो जड़ी-बूटी और पारंपरिक दवाइयां बेचकर अपना जीवनयापन करते है. बेहद दयनीय स्थिति में जीवन जी रहे. ये लोग खुले आसमान के नीचे तंबुओं में रहने को मजबूर है. कई बार इन लोगों ने प्रशासन से स्थाई रूप से बसने के लिए जगह मांगी, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकल सका है।

## विदेश में पढ़ाई करने वाले छात्रों को 35 लाख की मदद देगी सरकार

**भोपाल, दोहपर मेट्रो**

मध्य प्रदेश शासन के उच्च शिक्षा विभाग ने अनारक्षित वर्ग के मेधावी विद्यार्थियों के लिए विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति योजना-2025 की अधिसूचना जारी की है। इसके तहत सरकार विदेशी विश्वविद्यालयों में उच्च शिक्षा के लिए छात्रों को आर्थिक सहायता देगी।इस योजना में सरकार 40 हजार अमेरिकी डॉलर (लगभग 35 लाख रुपये) प्रति वर्ष तक की मदद देगी। आवेदन की अंतिम तारीख 19 सितंबर तय की गई है।

छात्रवृत्ति केवल स्नातकोत्तर और पीएचडी स्तर की पढ़ाई के लिए मिलेगी। पात्र होने के लिए उम्मीदवार का मध्य प्रदेश का मूल निवासी होना जरूरी है और स्नातक में कम से कम 60 प्रतिशत अंक होने चाहिए। यह सुविधा हर साल 20 विद्यार्थियों को दी जाएगी। इसमें चयनित विद्यार्थियों को वास्तविक खर्च या अधिकतम 38 हजार अमेरिकी डॉलर के साथ 2 हजार डॉलर किताबें, उपकरण और रिसर्च के अन्य कामों के लिए मिलेंगे। यह योजना 2018-19 से लागू है और अब तक 24 विद्यार्थियों को लाभ मिल चुका है। यह छात्रवृत्ति हर साल दो बार दी जाती है। जनवरी-जून सत्र के लिए 10 और जुलाई-दिसंबर सत्र के लिए 10 छात्रवृत्तियां दी जाती हैं।

**मेट्रो एंकर**

### 5 किमी की साइकिल राइड, खेल महोत्वस का समापन

# 'स्वस्थ रहो-आगे बढ़ो' के संदेश के साथ बढ़ीं साइकिलें

**भोपाल, दोहपर मेट्रो**

राष्ट्रीय खेल दिवस के तहत रविवार को राजधानी में खेल महोत्सव का समापन हुआ। सुबह फिटनेस और खेलों को बढ़ावा देने के संदेश के साथ निकाली गई फिट इंडिया साइकिल रैली में शहरभर से आए हजारों साइकिलिस्टों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। साइकिल रैली का नेतृत्व खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग व भोपाल सांसद आलोक शर्मा ने किया। सुबह वीआईपी रोड पर राजा भोज प्रतिमा से शुरू होकर यह रैली 5 किलोमीटर लंबे मार्ग से होते हुए लेक व्यू वॉटर स्पोर्ट्स अकादमी तक पहुंची।



इस दौरान प्रतिभागियों ने 'स्वस्थ रहो-आगे बढ़ो' का संदेश दिया। रैली में अलग-अलग आयु वर्ग के लोगों मौजूद रहे। इस मौके पर भोपाल सांसद आलोक शर्मा भी मौजूद रहे और साइकिल चलाकर युवाओं का उत्साह बढ़ाया। ली के समापन पर वॉटर स्पोर्ट्स अकादमी में जल क्रीड़ा गतिविधियों का शानदार आयोजन हुआ। यहां खिलाड़ियों ने बड़े तालाब में अपने खेल कौशल का रोमांचक प्रदर्शन किया। कायकिंग, कैनोइंग, स्लैलम और सेलिंग जैसी प्रतियोगिताओं को देखकर दर्शक मंत्रमुग्ध रह गए। जल क्रीड़ा खिलाड़ियों के प्रदर्शन ने राजधानी में खेल महोत्सव के समापन को यादगार बना दिया। पुलिस ने भी इस आयोजन के चलते प्रबंध किये थे तथा रेतघाट चौराहा से वीआईपी रोड होकर कोहेफिजा चौराहा तक मार्ग परिवर्तित रखा। इस दौरान वाहन रेतघाट से मोती मस्जिद, रॉयल मार्केट होकर लालघाटी की ओर निकले। करबला से रेतघाट, किलोल पार्क, पॉलीटेक्निक चौराहा की ओर जाने वाले वाहनों को भी वैकल्पिक मार्ग लेना पड़ा। रैली मार्ग पर भारी वाहन व बसें और मालवाहक वाहनों का प्रवेश बंद रखा गया था। हालांकि एंबुलेंस व फायर ब्रिगेड जैसे आपातकालीन वाहनों को सामान्य रूप से आवागमन की अनुमति रही।

## ग्वालियर टूरिज्म कॉन्क्लेव: 3500 करोड़ रु. के निवेश प्रस्ताव





**ग्वालियर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ग्वालियर में आयोजित रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव में कहा कि मुरैना जिले में 500 करोड़ के निवेश से हाइड्रोजन प्लांट लगाया जाएगा। इस प्लांट का शिलान्यास रविवार को होगा। कॉन्क्लेव में होटल-रिसोर्ट सहित पर्यटन के विभिन्न क्षेत्रों में कुल 3500 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव मप्र सरकार को मिले। मुख्यमंत्री ने बताया कि ग्वालियर-चंबल क्षेत्र में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। यहां वाइल्डलाइफ टूरिज्म के लिए चीता, टाइगर और घड़ियाल मौजूद हैं। ग्वालियर किला, बटेश्वर जैसी धरोहरें पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि कॉन्क्लेव के बाद ग्वालियर-चंबल व बुंदेलखंड अंचल में पर्यटन के क्षेत्र में कई नई संरचनाएं आकार लेंगी। पर्यटन, संस्कृति और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी ने बताया कि यूनेस्को की 62 साइट्स में से 18 सिर्फ मप्र में हैं।

## दो सीनियर अफसर प्रमोट, रस्तोगी व शुक्ला बने एसीएस

**भोपाल।** राज्य शासन ने दो सीनियर आईएएस अफसरों को अपर मुख्य सचिव के पद पर प्रमोट किया है। यह आदेश 1 सितंबर से प्रभावशील होगा। मुख्य सचिव अनुराग जैन और अपर मुख्य सचिव जेएन कंसोटिया के



रिटायरमेंट के बाद यह माना जा रहा था कि सिर्फ दीपाली रस्तोगी ही प्रमुख सचिव के पद से अपर मुख्य सचिव के पद पर प्रमोट किया जाएगा। लेकिन, राज्य सरकार ने दीपाली रस्तोगी के साथ प्रमुख सचिव शिव शेखर शुक्ला को भी अपर मुख्य सचिव बनाया है। सामान्य प्रशासन विभाग ने दोनों ही आईएएस अफसर को उनके वर्तमान विभाग में ही अपर मुख्य सचिव के पद पर पदस्थ किया है। दरअसल, नियमों के मुताबिक मुख्य सचिव का पद रिक्त नहीं होने से शिव शेखर शुक्ला का प्रमोट होने का मामला अटक गया था।

### वेतन विसंगति सुधरेगी, एक बैठक भी हुई

# विसंगति दूर करने 27 साल बाद होगा 23 हजार पटवारियों का कॉडर रिव्यू

दोहपर मेट्रो, भोपाल।

**पटवारियों के काडर रिव्यू को लेकर शासन स्तर पर अब कवायद शुरू हुई है। राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने अफसरों को चिट्ठी लिखकर कहा है कि पटवारी कैडर का रिव्यू प्रोजेक्ट तैयार करें। दरअसल 27 साल बाद पटवारियों के कैडर रिव्यू पर अमल की स्थिति अब बन रही है। जिससे पटवारियों के वेतनमान में हुई विसंगति को भी सुधारा जा सकेगा। कैडर रिव्यू को लेकर एक दौर की बैठक भी हो चुकी है।**

### पटवारी संघ मौजूदगी में हुई बैठक



उल्लेखनीय है कि मप्र में 23 हजार पटवारी है। इन पटवारियों को समयमान वेतनमान समेत अन्य मांगों को लेकर राज्य सरकार का ध्यान आकृष्ट किया जाता रहा है। एमपी पटवारी संघ के माध्यम से मंत्री से हुई चर्चा के बाद कैडर रिव्यू पर विचार करने की सहमति दिखाई गई थी। अब विभाग के प्रमुख सचिव विवेक पोरवाल ने पटवारियों के कैडर रिव्यू को लेकर पिछले दिनों पटवारी संघ के पदाधिकारियों की मौजूदगी में बैठक की है। इसमें पटवारियों के वेतनमान, भत्ते, पदोन्नति, भर्ती समेत अन्य मुद्दों पर तैयार किए गए प्रस्ताव पर चर्चा हुई है। कैडर रिव्यू से पटवारी संवर्ग के कर्मचारियों को फायदे होंगे। इसे देखते हुए इसमें सुधार के लिए और बदलाव के लिए भी निर्देश दिए हैं। इसके बाद प्रस्ताव पर अंतिम सहमति के बाद इसे राजस्व मंत्री के संज्ञान में लाकर सीएम को इससे अवगत कराया जाएगा। इसके पहले 1998 में पटवारी कैडर का रिव्यू किया था।

### पोर्टल को लेकर पटवारी नाराज

मध्यप्रदेश के पटवारी कार्यसंबंधी दिक्कतों के चलते एक सितंबर से हड़ताल पर जा सकते हैं। उनकी मुख्य शिकायत है कि नया जीआईएस 2.0 पोर्टल उपयोग में आसान नहीं है और बार-बार तकनीकी गड़बड़ियों से काम प्रभावित होता है। इस कारण नामांतरण, बंटवारा, डायवर्सन और नकल जैसी सेवाएं ठप हो रही हैं। किसान समय पर खसरा, बी-1 और अन्य दस्तावेज नहीं निकलवा पा रहे हैं। पटवारियों का कहना है कि जब तक पोर्टल की खामियां दूर नहीं की जाती, वे कामकाज का बहिष्कार करेंगे। ज्ञात हो कि पोर्टल में किसानों के साथ ही आन नागरिकों को आनलाइन भू-अभिलेख संबंधी सेवाएं मिलती है। इसी के जरिए डायवर्सन, नक्शा, विभाजन और केवाईसी, नामांतरण, नकल आदि संबंधी काम किए जाते हैं।

### राजस्व मंत्री वर्मा ने 29 जुलाई को पीएस राजस्व विभाग को पत्र लिखा था

बताया जाता है कि राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने पिछले माह 29 जुलाई को प्रमुख सचिव राजस्व विभाग को पत्र लिखा था। इसके बाद शासन ने आयुक्त भू अभिलेख को पत्र लिखकर कहा है कि प्रदेश के पटवारी संवर्ग के कैडर रिव्यू प्रोजेक्ट को तैयार किया जाए। इसके बाद पूरे प्रकरण का परीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही की जाए। इसका प्रस्ताव मध्य प्रदेश पटवारी संघ ने दिया है। इसलिए इसके बारे में मप्र पटवारी संघ को भी जानकारी दी जाए। इधर पटवारी संघ के अध्यक्ष उपेंद्र सिंह का कहना है कि सरकार को इसके लिए बार-बार ज्ञापन दिए जा रहे थे। अभी बैठक हुई है, लेकिन जब तक सरकार इस पर अंतिम निर्णय नहीं लेती, तब तक कुछ कहा नहीं जा सकता।

### मकसद आजादी का सच्चा इतिहास पहुंचाना

# पीसीसी में 1 हजार किताबों से लाइब्रेरी की शुरूआत




दोहपर मेट्रो, भोपाल।

**मप्र कांग्रेस के कार्यालय में आखिरकार एक लाइब्रेरी की शुरुआत हो गई। करीब छह महीने से इसकी रूपरेखाा बन रही थी। लाइब्रेरी का उद्घाटन कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी ने किया। इस लाइब्रेरी का उद्देश्य युवा कार्यकर्ताओं तक भारत की आजादी का सच्चा इतिहास पहुंचाना है। लाइब्रेरी की शुरुआत एक हजार किताबों से की गई है। ये सभी किताबें कांग्रेस नेताओं-कार्यकर्ताओं से दान में ली गई हैं। कांग्रेस विचार विभाग प्रमुख भूपेंद्र गुप्ता ने बताया कि भविष्य में यहां एक पॉडकास्ट स्टूडियो और फैक्ट चेक लैब भी शुरू होगा।**

इस मौके पर चौधरी ने कहा कि देश में संविधान और लोकतंत्र बचाने के लिए जो लड़ाई लड़ी जा रही है, उसमें अध्ययन की अहम भूमिका है। इसी सोच के साथ हमने कांग्रेस कार्यालय में इस लाइब्रेरी का उद्घाटन किया है। देश की मूल आत्मा, देश के संविधान को बचाने के लिए जो भी कांग्रेस पार्टी को करना पड़ेगा, वो हम प्रदेश के लोगों की ताकत का उपयोग करके करेगी। वहीं गुप्ता का कहना है कि जब तक आजादी के आंदोलन की पीढ़ी जिंदा थी, तब तक आरएसएस छुपा हुआ था, वह भारत के इतिहास के साथ खिलवाड़ नहीं कर पा रहा था। क्योंकि, लोगों ने सब कुछ अपनी आंखों से देखा था लेकिन, आज की पीढ़ी ने ये सब नहीं देखा है। लिहाजा भाजपा झूठ फैलाकर उन्हें भ्रमित कर रही है। कांग्रेस ने देश में विश्वविद्यालय बनाकर अपना योगदान दिया जबकि बीजेपी के मोदी युग ने वॉट्सऐप यूनिवर्सिटी बनाई।

### मंत्री निर्मला भूरिया ने किया आह्वान

# हर घर स्वदेशी-हर युवा उद्यमी से ही आत्मनिर्भर भारत का निर्माण संभव

दोहपर मेट्रो, भोपाल।

महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने कहा है कि ÷स्वदेशी सुरक्षा एवं स्वावलंबन अभियान÷ केवल एक नारा नहीं है, बल्कि यह भारत की आत्मा से जुड़ा हुआ सशक्त आंदोलन है। यह अभियान हमें आत्मनिर्भरता, आर्थिक समृद्धि, सांस्कृतिक गौरव और राष्ट्रीय सुरक्षा की दिशा में आगे बढ़ने का मार्ग दिखाता है। उन्होंने कहा कि ÷हर घर स्वदेशी-हर युवा उद्यमी÷ की अवधारणा को अपनाकर ही भारत को आत्मनिर्भरता की नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया जा सकता है। भूरिया भोपाल स्थित राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षण, प्रशिक्षण एंव अनुसंधान संस्थान (एनआईटीटीटीआर) में अखिल भारतीय महिला शोध, प्रशिक्षण एवं विचार वर्ग कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं।

### आत्मनिर्भर भारत के लिए स्वदेशी का मंत्र

मंत्री भूरिया ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू किए गए 卐आत्मनिर्भर भारत अभियान卐, 卐वोकल फॉर लोकल卐 और 卐मेक इन इंडिया卐 जैसे प्रयास स्वदेशी की परंपरा को नई ऊर्जा दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने हाल ही में व्यापारियों को 'स्वदेशी उत्पाद बेचना है' का संकल्प लेकर बोर्ड लगाने के लिए भी प्रेरित किया है, जो छोटे व्यवसायों को नई दिशा देगा। मंत्री भूरिया ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हाल ही में जनता से आग्रह किया कि सार्वजनिक आयोजनों और धार्मिक अवसरों पर देश में बने वस्त्र और सामग्री का ही उपयोग करें।

## हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष पद के लिए मतदान शुरू, आज ही आएंगे नतीजे

**भोपाल।** श्री हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए मतदान रविवार सुबह 9 बजे से शुरु हो गया है जो शाम पांच बजे तक चलेगा। मतदान की प्रक्रिया गुफ़ा मंदिर लाल घाटी भोपाल स्थित मानस भवन में हो रही है। मतदान के बाद मतगणना कर परिणाम घोषित किया जायेगा। मुख्य चुनाव अधिकारी डा पी सी कोठारी ने बताया कि सभी आजीवन सदस्य मतदान के लिए समिति द्वारा जारी आजीवन सदस्यता कार्ड, आधार कार्ड,भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मतदाता कार्ड जो फोटो युक्त हों, दिखाकर मतदान कर सकेंगे। जिनके नाम समिति द्वारा जारी सदस्यता सूची में दर्ज होंगे। डा कोठारी ने सभी आजीवन सदस्यों से मतदान की अपील की है। बता दें हिंदू उत्सव समिति द्वारा इस बार के सदस्यता अभियान में 2200 नए सदस्य जोड़े गए हैं। समिति में चार पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान, उमाभारती, कमलनाथ और दिग्विजय भी सदस्य हैं। वहीं, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को भी इस बार नए सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। इसके अलावा मंत्री विश्वास सारंग, कृष्णा गौर, विधायक रामेश्वर शर्मा, भगवानदास सबनानी, पूर्व विधायक पीसी शर्मा, बरिष्ठ भाजपा नेता सुरेश पचौरी समेत जनप्रतिनिधि भी सदस्य है।

### तकनीकी शिक्षा मंत्री ने आईआईआईटी के विद्यार्थियों के साथ किया रात्रिभोज-सह-संवाद

**आईआईआईटी भोपाल में नवप्रवेशी विद्यार्थियों के लिए हुआ 4 दिवसीय दीक्षारंभ-2025 का आयोजन**

# हीनभावना से मुक्त होकर स्वाभिमान का जागरण करना होगा: परमार

दोहपर मेट्रो, भोपाल।

उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार भोपाल स्थित भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईआईटी) के नवागंतुक विद्यार्थियों के लिए आयोजित 4 दिवसीय अभिमुखीकरण एवं अधिष्ठापन समारोह दीक्षारंभ-2025 के समापन में शामिल हुए। मंत्री परमार ने आईआईआईटी भोपाल के नवागत विद्यार्थियों का अभिनंदन किया। मंत्री श्री परमार ने नवागत विद्यार्थियों के साथ रात्रि भोज और संवाद किया। परमार ने विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। मंत्री परमार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 और भारतीय ज्ञान परम्परा के परिप्रेक्ष्य में विविध उदाहरण प्रस्तुत किए। परमार ने कहा कि हीन भावना से मुक्त होकर स्वाभिमान का जागरण करना होगा। अपने गौरवशाली ज्ञान, दर्शन, इतिहास एवं उपलब्धियों पर गर्व का भाव जागृत



करना होगा। मंत्री परमार ने नवागत विद्यार्थियों के शैक्षिक परिदृश्य से जुड़े विभिन्न प्रश्नों के उत्तर देते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के संबंध में अवगत कराया। मंत्री परमार ने कहा कि भारतीय ज्ञान परम्परा में, पुस्तकालय सदैव ही समृद्ध रहे हैं। नालंदा विश्वविद्यालय में विश्व का सबसे विशाल पुस्तकालय था और तब भारत विश्व गुरु की संज्ञा से सुशोभित था। विश्व भर के लोग हमारे यहां शिक्षा ग्रहण करने आते थे। भारत का ज्ञान सार्वभौमिक था। हमारी संस्कृति में ज्ञान का दस्तावेजीकरण नहीं था। हमारे पूर्वजों ने शोध एवं अध्ययन कर ज्ञान को परंपरा के रूप में समाजव्यापी बनाया था। अतीत के विभिन्न कालखंडों में योजनाबद्ध रूप से हमारे ज्ञान को दूषित करने का कुत्सित प्रयास किया गया।

### पूरे देश में भाषाई सौहार्दता का संदेश जाएगा

मंत्री परमार ने कहा कि देश के हिंदी भाषी प्रदेश ने भारत की अनेकता में एकता की संस्कृति को चरितार्थ करते हुए एक नई पहल की है। प्रदेश के विश्वविद्यालयों में देश की सभी प्रमुख भाषा जैसे कन्नड़, तमिल, तेलगु, बांग्ला, असमिया आदि भारतीय भाषाएं सिखाई जाएंगी। इससे प्रदेश के विश्वविद्यालयों से पूरे देश में भाषाई सौहार्दता का संदेश जाएगा। परमार ने कहा कि भाषाएं जोड़ने का काम करती हैं। यह व्यापक संदेश प्रदेश के उच्च शैक्षणिक संस्थानों से देश भर में गुंजायमान होगा। हमारा यह नवाचार, देश भर में 'भाषाई एकात्मता' का संदेश देगा।

## नर्मदापुरम में कला और शिल्प पर स्टार्टअप शुरु

**भोपाल।** राज्य की पुरातात्विक महत्व की कला को सुदृढ़ करने और सतत बाज़ार की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से नर्मदापुरम में कला और शिल्प पर आधारित स्टार्टअप के लिए राफ्ट एंड रीज़न ने तसल्ली ब्रांड के अंतर्गत नवाचार प्रारंभ किया है। इसमें नर्मदापुरम, भोपाल,



छिंदवाड़ा, सीहोर, महेश्वर तथा धार जिले के चिन्हित शिल्प पर नवाचार किया जा रहा है। इसके अंतर्गत पुरातात्विक महत्व की कलाकृति को स्टोन पाउडर से बनाया जा रहा है और इस पर स्थानीय सागौन लकड़ी के साथ प्रयोग भी किया जा रहा है। यह कार्य हाथकरघा एवं हस्तशिल्प संचालनालय भोपाल, पुरातत्व संचालनालय भोपाल एवं पाटर्स द स्टूडियो नर्मदापुरम के सहयोग से किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि स्टार्टअप की पहली डिलीवरी बॉउर्नमाउथ, यूके में की गई है। इसे अमेजन ग्लोबल पर भी खरीदा जा सकता है। स्टार्टअप ने निर्यात लाइसेंस भी प्राप्त कर लिया है।

**मेट्रो एंकर**

### स्कूल शिक्षा विभाग ने की घोषणा, शिक्षक दिवस पर होंगे सम्मानित

# प्रदेश के 14 शिक्षकों को मिलेगा राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान

भोपाल, दोहपर मेट्रो

**प्रदेश में 5 सितम्बर शिक्षक दिवस पर भोपाल में होने वाले राज्य स्तरीय शिक्षक समारोह में 14 शिक्षकों को उनके द्वारा श्रेष्ठ कार्य करने पर सम्मानित किया जाएगा। स्कूल शिक्षा विभाग ने प्रदेश के चयनित शिक्षकों के नामों की घोषणा कर दी है। ?इस समारोह में गत वर्ष 2024 में राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार प्राप्त शिक्षकों को भी सम्मानित किया जायेगा।**

स्कूल शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, पुरस्कृत शिक्षकों को 25 हजार रुपये की सम्मान निधि, शॉल-श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया जायेगा। सम्मानित शिक्षकों में प्राथमिक, माध्यमिक श्रेणी के 8 और उच्चतर माध्यमिक श्रेणी के 6 शिक्षक शामिल हैं। स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने राज्य स्तरीय शिक्षक पुरस्कार के लिये चयनित शिक्षकों को बधाई और शुभकामनाएँ दी हैं। उन्होंने कहा है कि आज जिन शिक्षकों का चयन उनके श्रेष्ठ कार्यों की वजह से हुआ है, वे अन्य शिक्षकों के लिये प्रेरणा का काम करेंगे।

### इन शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा

जिन प्राथमिक शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा, उनमें शासकीय प्राथमिक शाला बिसोनिया, गुना के जितेन्द्र शर्मा, शासकीय उ.मा.वि. क्रमांक-2, शाजापुर के दिलीप जायसवाल, ई.पी.ई.एस., भाटीवाड़ा, सिवनी के दिलीप कटरे, शासकीय प्राथमिक विद्यालय, बसिया, दमोह के श्रीकांत कुर्मी, शासकीय उ.मा.वि., रुस्तमपुर, खण्डवा की माध्यमिक शिक्षक श्रद्धा गुप्ता, शासकीय माध्यमिक विद्यालय, सतौआ, दमोह के मोहन सिंह गौंड, शासकीय माध्यमिक शाला, चंदेसरा, उज्जैन के अपूर्व शर्मा और शासकीय माध्यमिक शाला, उबालाद, अलीराजपुर के उच्च श्रेणी शिक्षक धनराज वाणी शामिल हैं। ये चयनित शिक्षक कक्षा-1 से 8 की कक्षाओं में विद्यार्थियों को पढ़ाने का कार्य कर रहे हैं।? राज्य स्तरीय शिक्षक पुरस्कार के लिये कक्षा-9 से



12 में पढ़ाने वाले चयनित शिक्षकों में माध्यमिक शिक्षक शासकीय उत्कृष्ट उ.मा.वि., बाग, जिला धार की राधा शर्मा, शासकीय उ.मा.वि., मेडिकल कॉलेज, जबलपुर के डॉ. नरेन्द्र कुमार उरमलिया, शासकीय उ.मा. संभागीय ज्ञानोदय विद्यालय, तिलीवार्ड, सागर के महेन्द्र कुमार लोधी, शासकीय उ.मा.वि., जावरा, रतलाम की उच्च माध्यमिक शिक्षक विनीता ओझा और माध्यमिक शिक्षक शासकीय हाई स्कूल, पांदा, जिला राजगढ़ डॉ. सरिता शर्मा को सम्मानित किया जाएगा।

### 2024 में राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार प्राप्त शिक्षक

वर्ष 2024 में राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित शिक्षकों को राज्य स्तरीय समारोह में शॉल-श्रीफल, स्मृति चिन्ह और 5 हजार रुपये सम्मान निधि भेंट कर सम्मानित किया जायेगा। इनमें शासकीय माध्यमिक शाला लिधौरा, ब्लॉक बटियागढ़, दमोह के माधव प्रसाद पटेल और शासकीय हाई स्कूल, मंदसौर की शिक्षक सुनीता गोधा शामिल हैं।



# वर्जना नहीं, सेहत का महत्वपूर्ण पहलू

■ डॉ. माजिद अलीम

**अक्सर यौन स्वास्थ्य को केवल यौन रोगों व चिकित्सा के तौर पर देखा जाता है जबकि यह मानवाधिकार, सामाजिक न्याय और वैयक्तिक गरिमा से भी जुड़ा है। वहीं यौन न्याय सुनिश्चित करने का मतलब है कि हर व्यक्ति को लैंगिक पहचान कैसी भी हो या चाहे वह जिस किस्म का यौन झुकाव रखता हो, उसके अधिकारों की बिना भेदभाव सुरक्षा यकीनी बन सके। जरूरी यह भी कि यौन समस्याओं के प्रति लोग शिक्षित हों।**

यौन स्वास्थ्य का मतलब केवल यौन बीमारियों से बचाव नहीं है बल्कि एक सम्पूर्ण, सम्मानजनक और सुरक्षित जीवन जीना भी है। विश्व यौन स्वास्थ्य दिवस हर साल 4 सितंबर को यह संदेश देने के लिए मनाया जाता है कि यौन स्वास्थ्य शर्म या वर्जना का विषय नहीं है बल्कि मानव कल्याण और गरिमा का जरूरी हिस्सा है। यौन स्वास्थ्य दिवस मनाये जाने की शुरुआत वर्ल्ड एसोसिएशन फॉर सेक्सुअल हेल्थ की सिफारिश पर हुई। यौन स्वास्थ्य के प्रति दुनिया को आगाह करने के लिए हर साल एक थीम विषय चुना जाता है। साल 2025 की थीम है, 'सेक्सुअल जस्टिस- व्हट कैन वी डू?' यानी 'यौन न्याय- हम क्या कर सकते हैं?' इस थीम की बदौलत यौन स्वास्थ्य के चार प्रमुख समस्याओं पर फोकस किया गया है। पहला- यौन अधिकार, दूसरा- यौन प्रजनन अधिकार, तीसरा- एलजीबीटी+ किशोर और चौथा- यौन स्वास्थ्य की जानकारियों तक पहुंच।यौन न्याय का अभिप्राय है- बिना भेदभाव, भय मुक्त, शर्म रहित और बिना कलंक के सभी के हिस्से में यौन स्वास्थ्य का अधिकार हो। जबकि यौन प्रजनन अधिकार से आशय यह है कि हर व्यक्ति को प्रजनन विकल्पों के अधिकार की सुरक्षा हो और उनकी सुरक्षा को प्रोत्साहित किया जाए। इसके तीसरे फोकस का मतलब भिन्न-भिन्न यौन ओरिएंटेशन वाले किशोरों के अधिकारों की पहचान और उनकी रक्षा करना और इसके चौथे फोकस का आशय है- सभी को सटीक यौन स्वास्थ्य हासिल हो, बिना सेंसर के, बिना किसी भेदभाव के।

यौन स्वास्थ्य दिवस मनाये जाने का महत्व यह है कि यौन स्वास्थ्य को हम केवल यौन चिकित्सा की नजरों से न देखें बल्कि मानवाधिकार, सामाजिक न्याय और वैयक्तिक गरिमा की नजर से भी देखें। यौन न्याय सुनिश्चित करने का मतलब है कि हर व्यक्ति चाहे उसकी लैंगिक पहचान कैसी भी हो या चाहे वह जिस किस्म का यौन झुकाव रखता हो, उसके अधिकारों की हम बिना भेदभाव सुरक्षा दे सकें। यौन अधिकारों तक पहुंच हो जाए, यौन समस्याओं के प्रति लोग शिक्षित और समावेशित हो जाएं। यह वर्जनाओं से मुक्ति और व्यापक दुनिया के सेक्सुअल कल्याण के लक्ष्य से जुड़ा है। दुनिया इस समय बड़े पैमाने पर यौन स्वास्थ्य की समस्याओं से पीड़ित है। बड़ी बात यह है कि यौन स्वास्थ्य की समस्या अलग-अलग सामाजिक स्थितियों और हैसियत के चलते अलग-अलग है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, हर दिन दस लाख से अधिक लोग नई यौन संचारित समस्याओं से संक्रमित हो रहे हैं।साल 2020 में लगभग 37.4 करोड़ लोगों में सिफलिस, क्लेमाइडिया, गेनोरिया और ट्राइकोमोनियासिस यौन बीमारियों के नये मामले देखने को मिले थे। डब्ल्यूएचओ के मुताबिक लगभग तीन में से एक महिला और तीन में से एक लड़की जिंदगी में कभी न कभी यौन रोग की समस्या से गुजरती है, जो कि उनकी स्वास्थ्य समस्या के लिए गंभीर बन जाती है। दुनिया में यौन समस्याओं की रोकथाम में व्यापक कमी आयी है, क्योंकि किशोरों और युवाओं में सुरक्षा उपायों का उपयोग दिनोंदिन घट रहा है। इसके पीछे कारण यौन शिक्षा और यौन स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता के अभाव के साथ-साथ सामजिक दबाव था। सभी को यौन स्वास्थ्य की शिक्षा और अधिकार बराबरी के साथ हासिल नहीं है।जहां तक इन सारे संदर्भों में भारत का सवाल है तो अपने यहां 2023 के आंकड़ों के मुताबिक 3.14 मिलियन लोग यानी 31 लाख 40 हजार लोग एचआईवी/एड्स से प्रभावित थे। दुनिया में एड्स से प्रभावित लोगों की यह तीसरी सबसे बड़ी जनसंख्या थी। लेकिन शुक्र था कि प्रचलन दर अपेक्षाकृत काफी कम लगभग 0.26 से 0.3 प्रतिशत थी। इसी तरह भारत में यौन संचारी बीमारियों की प्राकलन दर भी 0 से 3.9 प्रतिशत थी। लेकिन जोखिम वाले समूह जैसे यौन कर्मी, ट्रांसजेंडर आदि में यह दर काफी ज्यादा थी। **–साभार**

### सम्पूर्ण स्वास्थ्य का सम्मान

देश में विश्व यौन स्वास्थ्य दिवस मनाये जाने की महती जरूरत है ताकि हम बार-बार इस बात को खुद जान और दोहरा सकें कि यौन स्वास्थ्य किसी वर्जना का विषय नहीं है बल्कि हमारे स्वस्थ जीवन का अनिवार्य हिस्सा रहा है। जब हम सामाजिक शर्म और चुप्पी से यौन बीमारियों को शर्म और वर्जना का विषय बना लेते हैं तो हमारे स्वस्थ जीवन का अधिकार तो बाधित होता ही है, हम अपनी इस लापरवाही से दूसरों को भी असुरक्षित करते हैं। इसलिए विश्व यौन स्वास्थ्य दिवस का सबसे बड़ा संदेश यही है कि यौन स्वास्थ्य केवल खुद को बीमारियों से बचाना नहीं है बल्कि अपने साथी के यौन स्वास्थ्य सहित सम्पूर्ण स्वास्थ्य का सम्मान करना है।

# जब तक यकीन जिंदा है, तब तक हार नहीं है

■ सुंदरचंद ठाकुर

**जिंदगी में कभी-कभी हम ऐसे मोड पर आ खडे होते हैं जहां न आगे कोई रास्ता नजर आता है, न पीछे लौटने की हिम्मत बचती है। वहां बस एक चीज होती है - इंतजार। किसी की आवाज का, किसी के लौट आने का, किसी अच्छे वक्त का या किसी खुशखबरी का। और इस इंतजार के लम्हे बहुत भारी होते हैं।**

इंतजार कोई आसान काम नहीं। ये वो वक्त होता है जब हम दुनिया के साथ चलते भी हैं और अंदर से ठहरे भी होते हैं। बाहर से सब कुछ ठीक लगता है - लोग आपको हंसता हुआ देख सकते हैं, काम करता हुआ, बात करता हुआ - लेकिन अंदर एक खामोशी होती है जो किसी को सुनाई नहीं देती। वो खामोशी जो हर सांस के साथ और गहरी होती जाती है। इंसान के अंदर दो आवाजें चल रही होती हैं - एक कहती है, 'सब ठीक हो जाएगा।' और दूसरी कहती है, 'अब बहुत हो गया, छोड़ दे।'और इन दोनों के बीच झूलता है इंसान - हर दिन, हर रात। यही इंतजार की सबसे बडी थकान है। न नींद सुकून देती है, न कोई सलाह राहत बनती है। जैसे हर पल एक उधेड़बुन में बीतता है।कभी-कभी ये भी लगता है कि शायद ये इंतजार ही हमारी किस्मत बन गया है। जैसे अब जिंदगी का नाम ही रुकना और टकटकी लगाकर देखना है। हर गुजरा हुआ लम्हा बीते कल की परछाई जैसा लगता है - न पूरी तरह गया हुआ, न पूरी तरह जिया हुआ। मगर फिर कहीं दिल के किसी कोने से एक छोटा सा यकीन निकलता है - 'शायद कल' और बस इसी 'शायद' पर पूरी जिंदगी टिक जाती है।



इंतजार हमें बहुत कुछ सिखाता है। ये बताता है कि सब्र क्या होता है। ये सिखाता है कि चाहत में वक्त का कोई मोल नहीं होता। और ये भी समझाता है कि जिंदगी में कई बार चीजें हमारे हिसाब से नहीं, अपने वक्त से होती हैं। इंतजार हमें तोडता भी है, और मजबूत भी करता है।

बहुत बार ऐसा भी होता है कि हम किसी के लिए दिन-रात इंतजार करते हैं, मगर सामने वाले को अंदाजा तक नहीं होता। हम जिस लम्हे को छूने को बेताब हैं, वो लम्हा शायद किसी और के लिए कोई मायने नहीं रखता। और यही बात दिल को सबसे ज्यादा चुभती है। वो बेखबरी, वो बेरुखी इंतजार को और भी लंबा और गहरा बना देती है।लेकिन फिर भी, इंसान इंतजार करता है क्योंकि दिल को किसी न किसी उम्मीद की डोर से बांधना जरूरी होता है। नहीं तो टूट जाना तय है। उम्मीद चाहे कितनी ही कमजोर क्यों न हो, मगर जब तक वो बाकी है, तब तक जिंदगी में कुछ न कुछ बाकी रहता है। इंतजार एक ऐसी नाव है, जो ठहरे पानी में भी चलती रहती है - बस उसकी आवाज नहीं होती। हर दिन की सुबह, हर रात की खामोशी सब उसी की तरह लगने लगती है। मगर उस ठहरे हुए वक्त में भी एक जादू होता है जो हमें गिरने नहीं देता। क्योंकि जब तक इंतजार जिंदा है, तब तक यकीन भी जिंदा है। और जब तक यकीन है, तब तक हार नहीं है। **–साभार**

**पुस्तक समीक्षा**

# 'बस, तुम' प्रेम की विलक्षणता की कविताएं

■ सुरेश गुप्ता

अग्रज कवि सुधीर सक्सेना का नया कविता संग्रह बस, तुम पढ़ा, तो पढ़ता ही चला गया। कब रात का दूसरा पहर आ गया, पता ही नहीं चला। सोचा 79 कविताओं पर ही बस, क्यों। सुधीरजी एक सैकड़ा कविताएँ भी इस संग्रह में पिरोते तो भी प्यास नहीं बुझती। सुधीरजी की भाषा, उनके भाषायी वितान से मैं उनके पत्रकारीय लेखन के दिनों से ही मुरीद हूँ, बल्कि यूँ कहें कि इश्क करता रहा हूँ। पूर्व में अनेक संग्रहों की कविताओं में उन्होंने अपने भाषायी कौशल का यथेष्ट प्रमाण दिया है। ÷बस, तुम÷ में तो उनका यह कौशल अपने उरूज पर है। उनकी भाषा कब देशज और जनपदीय हो जाती है, कब विशुद्ध देवनागरी और कब नितांत वैज्ञानिक शब्दावली से बावस्ता हो जाती है, वह पढ़ते ही बनता है।

इस संग्रह को पढ़ते सुधीरजी की दो कविताएँ ÷जब चन्द्रमा बजाता है बाँसुरी और ÷तुम, समुद्र से नहाकर निकली और पहाड़ को तकिया बनाकर लेट गयी, घास के बिछौने पर अम्लान।÷ बरबस याद आ गयीं। मुझे लगता था कि इनसे बढ़कर प्रेमिल भावाभिव्यक्ति क्या ही हो सकती है। अपनी छोटी सोच में मैं गलत था। ÷बस, तुम÷ की कविताएँ उन कविताओं से कहीं आगे, कहीं गहरी, ऐन्द्रिक और प्रेम की आदिम सुरंग में पैबस्त है। ये कविताएँ तुम्हें,



जिसे प्रेम किया और उन्हें भी जिन्हें चाहा कि उनमें भी तुम्हारा ही अक्स था - अपनी पत्नी के दिवंगत होने के बाद पहले संग्रह में यह पंक्तियाँ सुधीरजी के अप्रतिम प्रेम के साथ ही साहस को भी बताती हैं, भला कौन व्यक्ति, फिर चाहे वह कवि ही क्यों न हो, ऐसा लिख सकता है। मुझे लगता है यह साहस, उनके पत्रकारिता कर्म के पार्श्व से इन पंक्तियों में आ पाया।

संग्रह की पहली कविता की इन पंक्तियों को देखे - गयी ही कहाँ हो तुम कहीं ह्यतुम हो अनुपस्थिति में उपस्थित, मेरा एकालाप भी वार्तालाप है तुमसे

मुसलसल लोक की बस लोक जाने पर हमारे वास्ते रहा प्रेम कल्पद्रुम साथ थी, मेरे, हो, रहोगी एक तुम ! बस, तुम !!

कवि, अपनी प्रेयसी, जो पत्नी भी बनी, और अब देवलोक भी चली गई, को अब भी अपने पास ही रहेगी, की कामना को शब्दों में रूपावित करता है, तो पाठक, सुधीरजी और भाभीजी के प्रेम राग को अपनी गीली आँखों में बंद और साँसों में तरंगित करने से रोक नहीं पायेगा। ÷मैं आऊंगा तुम्हारे पास÷ भी कुछ ऐसी ही कविता है। दिवंगत पत्नी के लिए लिखी ये सभी 79 कविताएँ प्रेम के, अनुराग के, मिलन के भावों को जिस विलक्षणता के साथ प्रकट करती है, वह कवि के साथ हमें भी उनके प्रेमल संसार में लिये जाती है। ऐसा बहुत कम होता है कि किसी दूसरे के प्रेम, प्रेमिका, दिवंगत पत्नी के साथ सहचर्य से हम इस हद तक प्रभावित हो कि ÷इस जन्म में नहीं तो अगले जन्म में ही सही÷ ऐसा प्रेम हम भी करें और हो सके तो उसे कविता में पिरोये,÷ की ख़्वाहिश कर बैठे। इस संग्रह को पढ़कर ऐसी ही ख्वाहिश होती है हमारी।

सुप्रिया साथ है खुले आसमान तले बारिश में बरसात में सचमुच बरसती है शराब। या

प्रेम से नहीं मौत की तारीख अलबत्ता प्रेम से बदल जाती है जिंदगी आमूलचूल। या

वक्ष की स्मृति में है आलिंगन होंठों की स्मृति में है चुम्बन स्मृति और कुछ नहीं चाहती फिर से हरी हो स्मृतियाँ। जैसी पंक्तियाँ में भरी प्रेम की स्मृतियों की शराब भला कौन नहीं पीना चाहता। अति साँकरी प्रेम की गली सुधीरजी की इस संग्रह की कविताओं में अभूतपूर्व विस्तार पाती है, वह देश-विदेश में भ्रमण कराती है ÷बस, तुम÷ संग्रह में कविता में प्रेम, जिस तरह गुंफित हुआ है, वह कवि की भाव और शब्द सम्पदा से ईर्ष्या पैदा करता हैं। प्रेम कभी गाँठ हो जाता है, कभी गुम्मढ़, कभी मिस्टिरियस क्रास, कभी उबटन, कभी व्यूह, कभी शहद, कभी नमक, कभी सोना, कभी गोदना, कभी रसायन, कभी जीरा और न जाने कितने बिम्बों में। प्रेयसी इस संग्रह में वसुंधरा है तो चेरी-पलाश जित्ती लाल भी, वीरबहुटी भी, उपमाओं से भरी है। प्रेयसी की याद, उसके साथ बिताये पल, सुना संगीत, पी शराब जैसे प्रसंग जितना सुधीर भाई को उद्वेलित कर रहे हैं, पाठक भी उद्वेलित हुए बिना नहीं रहेगा, इसमें कोई संशय नहीं है। ऐसी मान्यता रही है कि कविता जीवन की पदार्थमयता से ही अपना शिल्प और रूप पाती है। सुधीरजी की इन कविताओं में उनका प्रेम, सांसारिक क्रियाकलापों-प्रकृति के ब्यौरों से एकाकार होकर, अद्भूत रूप से उद्भूत होता है। कविता सच कहती है और यहाँ जो कविताएँ हैं वे सुधीरजी और उनकी प्रेयसी, संगिनी के संसार का सच है। बहुत दिनों बाद पूर्णतः प्रेम पर एकाग्र यह संग्रह, जो प्रेम में थे, जो प्रेम में होना चाह रहे हैं के साथ ही सबको पसंद आयेगा। उन्हें भी जो कविता को शिल्प, भाषा और भाव के प्रतिमानों पर आंक कर देखने-पढ़ने के आदी हैं।

**पुस्तक :** बस, तुम (कविता संग्रह)
**कवि :** सुधीर सक्सेना
**प्रकाशक :** आधार प्रकाशन, पंचकुला

## फूटा आक्रोश: सड़क पर उतरकर कांग्रेस के खिलाफ की नारेबाजी

# पीएम पर अशोभनीय टिप्पणी से गुस्साए भाजपा युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने फूंका राहुल गांधी का पुतला

**प्रदर्शन में राज्यसभा सांसद माया नारोलिया भी शामिल**

**नर्मदापुरम। दोपहर मेट्रो**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उनकी दिवंगत पूज्य मां पर की गई अशोभनीय टिप्पणी के विरोध में भारतीय जनता युवा मोर्चा नर्मदापुरम ने लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का पुतला फूंका और एसपीएम गेट नं.4 पर भाजयुमो जिलाध्यक्ष दीपक महालहा के नेतृत्व में प्रदर्शन किया गया। इस दौरान राज्यसभा सांसद माया नारोलिया, क्षेत्रीय सांसद दर्शन सिंह चौधरी मौजूद रहे। जिलाध्यक्ष महालहा ने कहा कि राहुल गांधी इस देश की परंपराओं और इस लोकतंत्र को तारतार कर रहे है। पहले तो झूठ की यात्रा और अब इस वोट अधिकार यात्रा में चुने हुए प्रधानमंत्री को मां-बहन की गाली देना आपत्तिजनक ही नहीं खेदजनक है। राहुल गांधी को चाहिए और खुद आगे आकर जनता से माफी मांगे, ये नरेंद्र मोदी का अपमान नहीं बल्कि देश की जनता का अपमान है। भाजयुमो मंडल सुंदरम अग्रवाल ने बताया कि इस विरोध प्रदर्शन में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। इस विरोध प्रदर्शन में नपा अध्यक्ष नीतू यादव, भाजपा जिला महामंत्री प्रसन्ना हर्णे , लोकेश तिवारी, राजेश तिवारी,



अध्यक्ष रूपेश राजपूत, विकास नारोलिया, राहुल सोलंकी, हंस राय, रोहित गौर,मनोहर बढ़ानी, योगेंद्र राजपूत,महेंद्र यादव ,प्रशांत दीक्षित,मुकेश मैना,मनीष परदेशी,गजेन्द्र चौहान, राहुल ठाकुर सहित युवा मोर्चा कार्यकर्ता विमल साहू,गौरव नायक,मुकेश राठौर ,रहमान खान, वीरू पटवा, दुर्गेश मिश्रा सहित भाजपा व भाजयुमो के अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## इलेक्ट्रिक बाइक में लगी आग



**गंजबासौदा।** सावरकर चौक पर गली में खड़ी एक इलेक्ट्रिक बाइक स्कूटी में अचानक से धुआं उठने लगा और फिर आग की लंबी-लंबी लपटें निकलने लगी। जिससे आसपास के दुकानदारों में अफरा-तफरी मच गई। मार्केट में आग की लपटें और धुआं देख लोगों की भीड़ जुट गई। जहां मौजूद लोगों द्वारा सावधानी के साथ स्कूटी पर पानी डाल कर आग पर काबू पाने की कोशिश की, लेकिन आग और भड़कने लगी। बड़ी मशक्कत के बाद स्कूटी की आग पर काबू पाया गया। नागरिकों का कहना है कि कई बैटरी बाली गाड़ियों में इस तरह की घटनाएं हो चुकी हैं। अगर गाड़ी में किसी प्रकार का कोई ब्लास्ट हो जाता, तो एक बड़ी घटना घटित होने से इनकार नहीं किया जा सकता है।

## महेंद्र को मिलेगा राज्य स्तरीय पुरुस्कार

**सागर।** अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा संचालित तिली क्षेत्र स्थित शासकीय ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय में शिक्षक महेन्द्र कुमार लोधी पदस्थ हैं। यहां रहते हुए उन्होंने कई नवाचार और रचनात्मक कार्य किए हैं। इन्हीं कार्यों के लिए शिक्षक दिवस के मौके पर प्रदेश के राज्यपाल मंगूभाई पटेल राज्य स्तरीय शिक्षक पुरुस्कार 2025 से सम्मानित करेंगे। गतिविधि आधारित शिक्षा पर जोर देने व प्रभावी शिक्षण, कक्षा प्रबंधन में निपुण समर्पण भाव से कार्य करने बाले शिक्षक लोधी ने अपने नवाचारों, सरल टीएलएम बनाकर उनसे शिक्षण कर विद्यार्थियों के जीवन को उन्नत बनाया है। इन्होंने विषम भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद एनएसएस छात्रों की मदद से 10 एकड़ से अधिक एरिया में फैले चट्टानी भूभाग पर बने ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय परिसर को हरयाली से अच्छादित कर सुंदर बना दिया है। गौतलब है कि महेन्द्र कुमार लोधी को उनके उल्लेखनीय शैक्षणिक कार्यों व शिक्षा के प्रति समर्पण के लिए पूर्व में भी राज्य स्तरीय विनय उजाला नेशन बिल्डर आवार्ड 2024, राज्य स्तरीय गीजूभाई शिक्षक सम्मान 2024, जिला स्तरीय शिक्षक सम्मान सहित अनेक सम्मान मिल चुके हैं।



## हनुमान जी का 40 साल बाद चोला परिवर्तन



**सिरोंज।** पटवा टोला स्थित प्राचीन बगिया वाले हनुमान मंदिर पर चोला परिवर्तन कार्यक्रम का उल्लास दिनभर बना रहा। मंदिर में विराजित दिव्य स्वरूप हनुमान महाराज ने मंगलवार को चोला छोड़ा था। जिसका विसर्जन प्रयागराज में किया गया था। इसके उपरांत मंदिर में पंडित ठुकेश शर्मा एवं आचार्य मोहन के सानिध्य में दो दिवसीय नवीन चोला धारण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके बाद शनिवार को मंदिर में हवन-पूजन के उपरांत महाआरती का आयोजन हुआ। इस अवसर पर ब्राम्हण भोज एवं कन्या भोज के बाद महाप्रसादी का वितरण किया गया। चोला परिवर्तन के बाद मंदिर में विराजित हनुमान महाराज अपने मूल स्वरूप में दिखाई दिए। मंदिर में सालों से सेवा दे रहे श्रद्धालु रामबाबू गोयल ने बताया कि करीब 40 साल पहले भी बाबा ने चोला छोड़ा था, तब भी उसे प्रयागराज में विसर्जित किया गया था। यहां स्थित बगिया में साधु-संत आश्रय लेते थे और समाधि में लीन दिखाई देते थे। कार्यक्रम में राजेन्द्र गोयल, राकेश गोयल, कैलाश मंगल, अतुल गोयल, अनुपम सिंहल, निखिल गोयल, आशीष बिंदल, रतन यादव व अन्य श्रद्धालु शामिल रहे।

## भील सेवा समिति से शिक्षा-स्वास्थ्य पर चर्चा

**महेश्वर। दोपहर मेट्रो**

नवागत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मण्डलेश्वर (एसडीएम) सुश्री पूर्वा मण्डलोई ने एकलव्य आदिवासी भील सेवा समिति की नवीन कार्यकारिणी के सदस्यों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस बैठक में आदिवासी समाज के उत्थान के लिए विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई और सरकारी योजनाओं का लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुँचाने पर जोर दिया गया। एसडीएम पूर्वा मण्डलोई ने बैठक में शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे प्रमुख विषयों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि गरीब परिवारों के बच्चों को बेहतर शिक्षा मिले और स्वास्थ्य सेवाएं आसानी से उपलब्ध हों, यह उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने आदिवासी क्षेत्रों में स्वास्थ्य व्यवस्था दुरस्त करने और बच्चों के शैक्षिक स्तर को सुधारने के लिए विशेष प्रयास करने का आश्वासन दिया।बैठक में राजस्व विभाग से जुड़े मामलों जैसे भूमि नामांतरण, बटवारा और सरकारी योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुँचाने पर भी बात हुई। एसडीएम ने इन प्रक्रियाओं को पारदर्शी और सुलभ बनाने का आश्वासन दिया।समिति के पदाधिकारियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने तहसीलदार कैलाश सस्त्या से भी मुलाकात की। इस दौरान समिति के सदस्यों ने भूमि संबंधी मुद्दों और उनके समाधान पर मुख्य रूप से चर्चा की। इसके अलावा, उन्होंने युवाओं में बढ़ती बेरोजगारी और रोजगार के अवसरों को लेकर भी अपनी चिंताएं व्यक्त कीं और समाधान के लिए सुझाव दिए।

## मिसाल: पूर्व छात्रों ने एमबीबीएस छात्रा की फीस जमा कर दिलाया एडमिशन

**मनोज गौड । महेश्वर**

इंदौर के चंद्रशेखर आजाद हॉस्टल के पूर्व छात्रों ने एक मेधावी छात्रा के लिए मदद की मिसाल पेश की है। पूर्व छात्रों ने एकजुट होकर करीब ढाई लाख रुपए की फीस जमा कर छात्रा राजेश्वरी भालसे को एमबीबीएस कोर्स में एडमिशन दिलवाया है। यह मदद सिर्फ आर्थिक नहीं, बल्कि उन छात्रों के बीच आपसी एकजुटता और शिक्षा के प्रति उनके समर्पण का प्रतीक भी है। छोटी खरगोन निवासी राजेश्वरी भालसे का चयन एमबीबीएस के लिए हुआ था, लेकिन परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण फीस जमा करने में असमर्थता थी। राजेश्वरी के पिता शंकर भालसे ने अपने पुराने साथी हिम्मत सिंह सिटोले से मदद की गुहार लगाई। हिम्मत



सिंह ने तुरंत ही राजेश्वरी की बैंक डिटेल्स और सीट आवंटन की जानकारी लेकर हॉस्टल के पूर्व छात्रों के ग्रुप में मदद के लिए अपील की। हॉस्टल के पूर्व छात्रों और समाज के लोगों ने मिलकर राजेश्वरी की फीस जमा करने में मदद की। सुखदेव निर्मल ने 60,000 रुपए, टीआर गंधारे ने 21,000 रुपए, सीताराम मकवाने ने 25,000 रुपए, सुरज डामोर ने 40,000 रुपए और राकेश सिटोले ने 30,000 रुपए का योगदान दिया। इन सभी के सामूहिक प्रयासों से कुल 2.50 लाख रुपए की राशि जमा हुई।

चंद्रशेखर आजाद हॉस्टल के ये पूर्व छात्र, जो कभी खुद अभावों में रहे, अब शिक्षा के क्षेत्र में अपने साथी छात्रों की मदद करने का एक बड़ा उदाहरण पेश कर रहे हैं। उनका यह कार्य समाज के लिए एक प्रेरणा है कि कैसे छोटे-छोटे सहयोग से बड़े बदलाव लाए जा सकते हैं।

## ग्रामीण क्षेत्रों में हो रही अघोषित बिजली कटौती, रहवासी परेशान



**सिरोंज। दोपहर मेट्रो**

मुगलसराय और आसपास के ग्रामीण इलाकों के रहवासी इन दिनों बिजली कटौती से परेशान है। इस क्षेत्र के ग्राम झंडवा, सालरी, असदखेड़ी, सूनताल चौकी और सिरवास सहित अनेक गांवों की बिजली रात 2 बजे गुल हो जाती है। इसके ग्रामीणों को रात भर और फिर दोपहर 12 बजे तक बिजली कटौती से जूझना पड़ रहा है। ग्रामीण विष्णु दांगी और भैया दांगी ने बताया कि बिजली कंपनी के लाइन मेन से सम्पर्क करने पर उनका जवाब भी लापरवाही भरा रहता है। वे बिजली गुल होने की सही वजह भी नहीं बता पा रहे हैं। ऐसा लगने लगा है कि बिजली कंपनी अपनी मनमर्जी से बिना वजह ग्रामीणों को परेशान करना चाहती है।

## मूंग खरीदी में अनियमितता, कलेक्टर के निर्देश पर समिति प्रबंधक व कम्प्यूटर आपरेटर पर केस दर्ज

**सागर। दोपहर मेट्रो**

कलेक्टर संदीप जीआर के निर्देश पर मूंग खरीदी में अनियमितता पाए जाने पर बड़ी कार्रवाई करते हुए बहुउद्देशीय प्राथमिक शाख समिति, जरूआ खरीदी स्थल बी 9, जरूआ वेयर हाउस, केसली के समिति प्रबंधक संतोष चौबे एवं कम्प्यूटर आपरेटर सुनील प्रजापति के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कर प्रकरण विवेचना में लिया गया है।

कार्यालय वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी विकास खण्ड केसली कृषि विस्तार,नोडल अधिकारी अनिल मंडलोई ने बताया कि कलेक्टर के निर्देश पर बहु उद्देश्यीय प्राथमिक शाख सहकारी समिति जरूआ खरीदी स्थल वी-9 जरूआ वेयर हाउस केसली का निरीक्षण एसएडीओ चेतन मुजाल्दे, कृषि विस्तार अधिकारी रवि कुमार मोरे, बबलू चौहान, तहसीलदार प्रेम नारायण सिंह, पटवारी रामेश्वर गौड़ सहित राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा किया गया।

मौके पर पर समिति के कम्प्यूटर



आपरेटर सुनील प्रजापति के द्वारा प्रदाय जानकारी अनुसार उपार्जन पोर्टल ऑनलाईन अनुसार कुल मूंग खरीदी 10063. 20 क्विंटल मात्रा प्राप्त हुई, जिसमें से भण्डारण केन्द्र को 9307.7 क्विंटल मात्रा परिवहन किया गया एवं खरीदी केन्द्र पर शेष मात्रा 755.5 क्विंटल होनी चाहिए थी, लेकिन मौके पर 296 क्विंटल नान एफएक्यू (अमानक) मात्रा पाई गई। उपरोक्त मात्रा का मिलान करने के आधार पर समिति प्रबंधक संतोष चौबे एवं आपरेटर सुनील प्रजापति द्वारा 459.5 क्विटल मूंग की मात्रा कीमत करीब 39,89,379 रूपए की अनियमितता पाई गई। मौके पर स्थल पंचनामा एवं जप्ती कार्यवाही की गई।

इस प्रकार बहु उद्देशीय प्राथमिक वेयर हाउस केसली के समिति प्रबंधक संतोष चौबे पिता राममनोहर चौबे निवासी जैतपुर डोमा एवं कंप्यूटर आपरेटर सुनील प्रजापति पिता गणेश प्रसाद प्रजापति निवासी ग्राम जमुनिया चिखली विकास खंड केसली मूंग खरीदी में अनियमितता करने पर धारा 318 (4), 316(5) बीएनएस का अपराध घटित करना पाया गया है। जिस पर थाना गौरझामर में एफआईआर की कार्यवाही की जाकर प्रकरण को विवेचना में लिया गया। कलेक्टर संदीप जीआर ने सभी एसडीएम राजस्व, तहसीलदार, कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि मूंग खरीदी केंद्रों का लगातार निरीक्षण करें एवं आवश्यक कार्रवाई करें।

## आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र केसला में प्रदेश अध्यक्ष ने सुनी मन की बात



**नर्मदापुरम। दोपहर मेट्रो**

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने नर्मदापुरम के आदिवासी विकास खंड केसला के मल्लूपुरा पहुंचे। यहां पर उन्होंने पीएम की मन की बात सुनी। श्री खंडेलवाल केसला के मल्लूपुरा में शिवनाथ यादव के घर पर केसला मंडल के बूथ क्रमांक 299,शक्ति केंद्र सहेली,केसला मंडल,जिला नर्मदापुरम में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय जनों के साथ पीएम नरेंद्र मोदी की मन की बात सुनी।

**मेट्रो एंकर** इंद्रानगर वार्ड 14 के प्राथमिक स्कूल की प्रधान अध्यापिका रामरती देवी दुबे का विदाई समारोह

# शिक्षिका की विदाई पर गले लगकर खूब रोए बच्चे

**हरिनारायण विश्वकर्मा। गंजबासौदा**

कर्तव्यनिष्ठा सेवा व समर्पण क्या होता है यह इंद्रानगर वार्ड 14 के प्राथमिक स्कूल में देखने को मिला जहां स्कूल की प्रधान अध्यापिका रामरती देवी दुबे का सेवा निवृत्ति का समारोह आयोजित किया गया था। सेवानिवृत्ति के अवसर पर शिक्षिका उद्बोधन देते हुए भावुक हो गईं। उन्होंने कहा कि मैं क्या कहूं, मेरे लिए तो मेरा विद्यालय ही सबकुछ है। मैंने विद्यालय को सेवा के रूप में जिया है, मैंने अपने सिद्धांतों को जिया है। मेरी इस पूरी सेवा की यात्रा में मुझे मेरे पूरे सहकर्मियों का भरपूर सहयोग मिला है। सेवानिवृत्ति के समय पूरा स्टाफ बस्ती के नागरिक भी भावुक हो गए और विद्यालय के छोटे छोटे बच्चे भी फूट फूट कर रो पड़े, जिन्हें प्रधान अध्यापिका ने गले लगाया और चुप कराते हुए कहा कि रोइए मत बच्चों, मैं आपको मिलने स्कूल आती रहूंगी। संचालन शिक्षक संदेश मिश्रा ने किया।

कार्यक्रम को दुबे के पुत्र गगन दुबे, मगन दुबे, व



स्वाति दुवे एवं वार्ड 14 की पार्षद संतोषी जितेंद्र मैना ने भी संबोधित किया। इस अवसर उपस्थित परिवारजन उपस्थित उन्हें ढोल बाजों के साथ अपने घर ले गए। शिक्षिका हेमलता ने कहा कि हमारी प्रधान अध्यापिका दुबे ने पूरे स्टॉफ व छात्र-छात्राओं को एक माला में पिरोकर रखा और उनका अनुशासन अनुकरणीय रहा। पूरा विद्यालय परिवार उन्हें हमेशा याद करेगा। इस अवसर पर शिक्षक संदेश मिश्रा ने कहा किजब मैं हितकारिणी धर्मशाला में शिक्षक था उस समय आप कन्या मंडी स्कूल में शिक्षिका थी। आपका स्नेह व आशीर्वाद मुझे सदा मिलता रहा है। सेवा निवृति के अवसर पर रामरती दुबे का शाल श्रीफल से सम्मान किया। इस मौके पर सभी विद्यार्थी गले लगकर फूट फूट कर रोते दिखाई दिए। रामरती दुबे 07 दिसम्बर 1982 को सहायक शिक्षिका के रूप में अपनी शिक्षा सेवा यात्रा शास. बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लटेरी से प्रारंभ की तदुपरांत शास.प्रा. शाला शेख पिपरिया, शास. प्राथ. शाला, माला, शास. कन्या हाईस्कूल मण्डी बासौदा, शास. प्राथ. शाला इन्द्रानगर, शास. कन्या उच्च. माध्य. विद्यालय बासौदा तथा वर्ष 1999 से सेवा निवृत्त होने तक वर्तमान शाला में पदस्थ रहीं।

## बाबा रामदेव जन्मोत्सव एवं शोभा यात्रा कल

**सीहोर।** जिले की आष्टा तहसील के ग्राम सिद्धि गंज में बाबा रामदेव के जन्मोत्सव एवं शोभा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। उक्त शोभायात्रा कल 1 सितंबर को सुबह 8 बजे ग्राम सिद्धि गंज के प्रमुख मार्गों से होते हुए भगवई माता मंदिर सिद्धि गंज मगरदा में संपन्न होगी । उक्त आशय की जानकारी देते हुए अमर सिंह बंजारा जिला अध्यक्ष बंजारा समाज एवं राकेश सिसोदिया सरपंच समरी द्वारा बताया गया है कि प्रतिवर्षअनुसार इस वर्ष भी ग्राम समरी उमरदड में भगवान बाबा रामदेव जी के जन्मोत्सव एवं शोभा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है जो कि प्रातः 8 बजे ग्राम सिद्धि गंज के प्रमुख मार्गो से होती हुई भगवई माता मंदिर पर संपन्न होगी, जिसमें आष्टा, सीहोर, इछावर देवास, खातेगांव , कन्नौद इंदौर के श्रद्धालु एवं सामाजिक बंधु सम्मिलित होंगे ।शोभा यात्रा को सफल बनाने की अपील करने वालों में प्रमुख रूप से प्रकाश बंजारा ,लक्ष्मण बंजारा, लोकेश सिसोदिया, अवतार बंजारा, नीरज सिसोदिया ,दिलीप सिंह बंजारा ममतेश कारसिया शामिल है।

### छतरपुर को मिली सौगातें: श्रीकृष्ण महोत्सव में पहुंचे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

# मेडिकल कॉलेज व अस्पताल, श्रीकृष्ण धाम स्टेडियम और गौशाला का भी होगा निर्माण

**छतरपुर। दोपहर मेट्रो**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने छतरपुर में आयोजित श्रीकृष्ण महोत्सव में जिले को कई विकास योजनाओं की सौगात दी। उन्होंने घोषणा की कि छतरपुर मेडिकल कॉलेज के साथ एक अत्याधुनिक अस्पताल का भी निर्माण किया जाएगा। साथ ही नौगांव रोड पर बनने वाले श्रीकृष्ण धाम के लिए 1 करोड़ रुपये, शहर में नए स्टेडियम के लिए 10 करोड़ रुपये, तथा बगौता क्षेत्र में 20 एकड़ भूमि पर बड़ी गौशाला बनाने की घोषणा की।



## राम और कृष्ण को समझना ही भारत को समझना है

मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि भारत को गहराई से जानना है तो भगवान राम और श्रीकृष्ण के आदर्शों को समझना जरूरी है। उन्होंने कहा कि दोनों ने निजी जीवन छोड़कर समाज और हर वर्ग के कल्याण के लिए संघर्ष किया और रावण व कंस जैसे बलशाली राक्षसों का अंत किया।

## बुंदेलखंड, पन्ना और पर्यटन पर जोर

डॉ. यादव ने महाराजा छत्रसाल, आला व ऊदल के पराक्रम का स्मरण करते हुए बुंदेलखण्ड को वीरों की भूमि बताया। पन्ना के हीरे और टाइगर रिजर्व का उल्लेख करते हुए कहा कि यह क्षेत्र पर्यटन की अपार संभावनाओं से भरा है। उन्होंने भरोसा जताया कि केन-बेतवा लिंक परियोजना से आने वाले वर्षों में बुंदेलखंड पंजाब-हरियाणा को भी पीछे छोड़ देगा। ग्वालियर के लिए आए साढ़े 3 हजार करोड़ के पर्यटन निवेश प्रस्ताव का भी जिक्र किया।

## कांग्रेस पर तीखा हमला

मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि पार्टी के नेताओं को न तो संस्कृति की परवाह है और न ही महिलाओं के सम्मान की। उन्होंने राहुल गांधी के मंच से प्रधानमंत्री मोदी की मां को अपमानजनक शब्द कहे जाने की भी निंदा की।



## शंखनाद और गंगाआरती से हुआ कार्यक्रम का शुभारंभ

कार्यक्रम का शुभारंभ शंखनाद और गंगा आरती से हुआ। मुख्यमंत्री का स्वागत साफा, शाल-श्रीफल और स्वर्ण प्रतिमा से किया गया। बहनों ने उन्हें राखी बांधी तो उन्होंने घोषणा की कि भाई दूज पर बहनों को 1500 रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। सभा में विधायक ललिता यादव ने शहर के विकास से जुड़ी मांगें भी मुख्यमंत्री के सामने रखीं। इस अवसर पर मंत्रियों, विधायकों और हजारों नागरिकों की मौजूदगी से आयोजन ऐतिहासिक बना। कार्यक्रम के बाद शोभायात्रा में भी मुख्यमंत्री ने सहभागिता की।

## बुंदेलखंड की डायरी


-रवीन्द्र व्यास

# चोरी हुए तालाबों की खोज



बुंदेलखंड के सात जिलों के अधिकारी इन दिनों गायब हुए तालाबों की खोज में जुटे हैं। तालाबों के गायब होने का ये सनसनीखेज मामला बुंदेलखंड के उत्तर प्रदेश वाले भू भाग से आया है। इलाहाबाद हाईकोर्ट के संज्ञान में आने के बाद तालाबों के गायब होने का मामला उजागर हुआ। अब 17 सितम्बर 2025 को हाई कोर्ट सुनवाई करेगा। बुंदेलखंड और पानी का नाता एक दूसरे से जुड़ा हुआ है। ये वो इलाका है जो पानी की त्रासदी से सदियों से जूझ रहा है। असल में बुंदेलखंड चाहे उत्तर प्रदेश का हो अथवा मध्य प्रदेश का यहाँ पानी ही है जो लोगों को भूखा मारता है ,आत्म हत्या और पलायन के लिए मजबूर करता है। दरअसल बांदा के लुकतरा गांव में खोदे गए 42 तालाबों की जो सूची दी गई उनमे से मौके पर ज्यादातर तालाब नदारद मिले। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने 'मन की बात' के 102वें एपीसोड में बांदा के लुकतरा गांव का जिक्र करके प्रशंसा की थी। इस गाँव में 42 तालाब बनाने की बात कही गई थी, जब इसकी जमीनी पड़ताल जब बांदा के समाजसेवी और पत्रकारों ने की तो उनमे से अधिकाँश गायब थे।

***मामला कैसे उठा...*** मीडिया में प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार बुंदेलखंड क्षेत्र में लगभग 4250 तालाब गायब हो चुके हैं। कोर्ट ने इसमुद्दे को स्वतः संज्ञान में लेकर जनहित याचिका दर्ज की है। अधिवक्ता प्रदीप कुमारसिंह और एस.सी. वर्मा को न्यायमित्र नियुक्त किया गया है, ताकि वे मामले कीनिष्पक्ष जाँच करें। तालाबों के गायब होने के कारण कई क्षेत्रों में तालाबों की भूमि चकबंदी मेंआवंटित की जा चुकी है।अतिक्रमण के कारण तालाब सिकुड़ गए या पूरी तरह खत्म हो चुके हैं।कुछ तालाबों में कचरा और मलबा भर गया है , जिससे इनका अस्तित्व खतरे में है। जल संरक्षण योजनाओं के बावजूद कई पुराने तालाबोंको संरक्षण नहीं मिला।स्थानीय हालात और प्रशासनिक प्रयास कई गांवों में तालाब खोदने और जल संरक्षण मुहिम के बावजूद तालाबों की संख्या घट रही है।




***तालाबों की खोज...*** ललितपुर और झांसी जिलों में तहसील स्तर पर भू-अधिपत्य विभाग के अधिकारी तालाबों का स्थलीय सर्वे कर रहे हैं।बुंदेलखंड के कई तालाब जो कभी पेयजल और सिंचाई का स्रोत थे, अब अतिक्रमण, कूड़ा-करकट और जल प्रदूषण के शिकार हो रहे हैं। बांदा जिला प्रशासन ने तालाबों के संरक्षण को लेकर अभियान चलाए हैं, लेकिन पुराने तालाबों की बदहाली बनी हुई है। इलाहाबाद हाई कोर्ट के संज्ञान और नोटिस के बाद उम्मीद की जा रही है कि जिला प्रशासन अपनी रिपोर्ट देकर इस संकट से निपटने के उपाय सुझाएगा तथा गायब तालाबों के पुनः संरक्षण व पुनर्निर्माण पर ज़ोर देगा।यह मामला बुंदेलखंड की जल संरक्षण और पारंपरिकजल स्रोतों की सुरक्षा के लिए एक गंभीर चेतावनी है। कोर्ट के आदेश ने स्थानीयप्रशासन और सरकार के सामने जल संचयन की जिम्मेदारी को और बढ़ा दिया है।

## गायब तालाबों की संख्या 4250 आंकी गई

यह आंकड़ा मीडिया में प्रकाशित खबरों पर आधारित है, जिसमें बुंदेलखंड क्षेत्र के सात जिलों में तालाबों के तेजी से गायब होने की स्थिति बताई गई थी। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने इस रिपोर्ट का स्वतःसंज्ञान लेकर जनहित याचिका दायर की। कोर्ट ने 1359 फसली वर्ष से लेकर पिछले 20 सालों तक के विस्तृत सर्वे कराने के आदेश दिए हैं। सर्वे के लिए झांसी, ललितपुर, बांदा, चित्रकूट, महोबा, हमीरपुर और जालौन जिलाधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे व्यक्तिगत हलफनामे में अपने-अपने जिलों में मौजूद और गायब तालाबों का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत करें और गायब होने के कारणों की भी जानकारी दें। संक्षेप में यह आंकड़ा स्थायीऔर सटीक सर्वे से नहीं, बल्कि मीडिया रिपोर्ट और पुराने रिकॉर्ड के आधार पर प्रारंभिक अनुमान के तौर पर सामने आया है। बुंदेलखंड में गायब तालाबों की संख्या 4250 के आंकड़े को लेकर अब तक उपलब्ध जानकारी में ऐसा कोई प्रमाण नहीं मिला है कि इस गिनती को किसी पूर्णतया स्वतंत्र टीम या संस्था ने क्रॉस-चेक किया हो। फिलहाल यह आंकड़ा एक औपचारिक सर्वे या स्वतंत्र जांच से वैरीफाई (क्रॉस-चेक) नहीं हुआ है, बल्कि कोर्ट के निर्देशानुसार अब इसे उचित तरीके से जांचा और पुष्ट किया जाएगा।

# खरगोन में भारी बारिश, नाले में बहने से युवक की मौत

**खरगोन।** जिले में बीती रात हुई तेज बारिश के कारण नदी-नाले उफान पर आ गए, जिससे जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ। इस दौरान एक बड़ा हादसा हुआ जब माँगरुल रोड पर बह रहे एक नाले में 50 वर्षीय हरिराम भालसे बह गए। उनका शव बरामद किया गया। हरिराम खरगोन की एक जूता-चप्पल दुकान पर काम करते थे और रात में लौटते समय यह हादसा हुआ। हादसे की सूचना मिलते ही एसडीएम बचाव दल के साथ मौके पर पहुंचे और राहत कार्य शुरू किया। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे जलभराव वाले क्षेत्रों से दूर रहें और प्रशासन की हिदायतों का पालन करें। भू-अभिलेख कार्यालय के अनुसार, खरगोन में 6 घंटे की लगातार बारिश में 6 इंच बारिश दर्ज की गई, जो इस सीजन की सबसे तेज बारिश है। इस बारिश के कारण कई क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई है।



# बुजुर्ग महिला के पेट से निकाला 5 किलो का ट्यूमर

## छिंदवाड़ा मेडिकल कॉलेज की बड़ी उपलब्धि

**छिंदवाड़ा। दोपहर मेट्रो**

जिला मुख्यालय स्थित मेडिकल कॉलेज की सर्जरी टीम ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। टीम ने माचागोरा (चौरई) निवासी 62 वर्षीय महिला के पेट से 5 किलो वजनी ट्यूमर निकालकर उन्हें नई जिंदगी दी। सर्जरी विभाग के डॉ. हेमंत अहिरवार ने बताया कि महिला पिछले सात-आठ महीनों से पेट दर्द की समस्या से जूझ रही थी और कुछ समय से पेट में गोला महसूस कर रही थी। इलाज के लिए उन्होंने जबलपुर, नागपुर सहित छिंदवाड़ा के कई अस्पतालों का रुख किया, लेकिन ऑपरेशन में अधिक जोखिम होने के कारण कहीं भी उपचार संभव नहीं हो पाया।

उन्होंने बताया कि 18 अगस्त को महिला मेडिकल कॉलेज छिंदवाड़ा की ओपीडी में पहुंचीं। यहां सर्जरी विभाग के डॉ.हेमंत अहिरवार ने जांच कराई। सीटी स्कैन में सामने आया कि ट्यूमर किडनी, आंत और स्पाइन से चिपका हुआ है। स्थिति गंभीर होने के बावजूद डॉक्टरों ने जोखिम उठाने का निर्णय लिया और परिजनों को विश्वास में लेकर ऑपरेशन की तैयारी की। 30 अगस्त को मेडिकल कॉलेज की सर्जरी और एनेस्थीसिया टीम ने संयुक्त रूप से यह जटिल सर्जरी की। लंबे समय तक चले प्रयासों के बाद करीब 5 किलो का ट्यूमर सफलतापूर्वक निकाला गया। ऑपरेशन के बाद महिला की स्थिति सामान्य है और परिवार ने राहत की सांस ली है।

इस सर्जरी में सर्जरी विभाग से डॉ.हेमंत अहिरवार, डॉ.निर्मल ठाकुर, एनेस्थीसिया विभाग से डॉ.अश्विनी पटेल, डॉ.निकिता श्रीवास्तव, डॉ.कल्पित दुबे तथा ओटी स्टाफ से कृपा सिस्टर शामिल रहीं।



# नन्ही बाई लोधी का थल सेना कैंप में चयन

**सागर। दोपहर मेट्रो**

यदि ठान लिया जाए तो मंजिल पाने से कोई रोक नहीं सकता। सफ़लता पाने के लिए अर्जुन की तरह लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करना जरूरी है. यही सब कर दिखाया सागर जिले के सहजपुरी गांव की बेटी नन्ही बाई लोधी ने और उनका चयन थल सैनिक कैंप 2025 नई दिल्ली के लिए हुआ. शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय की एनसीसी कैडेट नन्ही बाई लोधी ने अपने परिश्रम और कठिन प्रशिक्षण के बाद थल सैनिक कैंप 2025, नई दिल्ली के लिए चयनित होकर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। उनका चयन मुख्य रूप से मानचित्रों का उपयोग करके भौगोलिक जानकारी को समझने के कौशल के आधार पर हुआ है।नन्ही बाई का सिलेक्शन सागर ग्रुप द्वारा आयोजित तीन महीने की कठिन ट्रेनिंग के बाद हुआ। इस ट्रेनिंग में कैडेट्स को विभिन्न विधाओं में प्रशिक्षित किया गया था। ट्रेनिंग पूरी करने के बाद, चयनित कैडेट्स को सीएटीसी कैंप थाना भेजा गया, जहां उन्होंने रायपुर में आयोजित इंटर ग्रुप कंपटीशन में भाग लिया। नन्ही बाई ने एक महीने तक रायपुर कैंप में रहकर इस चयन प्रक्रिया में भाग लिया। इसके बाद उनका चयन थल सैनिक कैंप, दिल्ली के लिए हुआ। इस कैंप में भाग लेकर कैडेट्स विभिन्न चयन प्रक्रियाओं और प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेंगे, जिनमें उन्हें पुरस्कृत किया जाएगा। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सरोज गुप्ता, जनभागीदारी अध्यक्ष नितिन शर्मा, एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट कीर्ति रैकवार, डॉ. जय नारायण यादव और डॉ. अमर कुमार जैन सहित समस्त महाविद्यालय परिवार ने नन्ही बाई को शुभकामनाएं दीं।



# बंधक बनाकर महिला के साथ किया दुष्कर्म, छह के खिलाफ प्रकरण दर्ज

**राजगढ़। दोपहर मेट्रो**

जिले में मलावर थाना क्षेत्र के ग्राम तलावड़ा महाराजा में रहने वाली 23 वर्षीय महिला ने गांव के साला-जीजा सहित चार अन्य के खिलाफ घर से जबरन बाइक पर ले जाने और ग्राम गोमची में बड़ली स्थित घर में 11 दिन तक बंधक बनाकर गलत काम करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शनिवार को पीड़िता की शिकायत पर एक मुख्य सहित पांच सहआरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरु की। पुलिस के अनुसार ग्राम तलावड़ामहाराजा निवासी 23 वर्षीय महिला ने बताया कि 15 अगस्त की रात छोटे-छोटे बच्चों के साथ घर पर अकेली थी तभी संदीप, भगवानसिंह अपने तीन अन्य साथियों के साथ घर में घुस गया,जो मुंह दबाकर उसे घर के बाहर ले गए। घर के बाहर भगवानसिंह का जीजा हीरालाल बाइक लेकर खड़ा था, हीरालाल और भगवानसिंह उसे बाइक पर बीच में बैठाकर ग्राम गोमची में बड़ली स्थित सूने मकान पर ले गए, जहां दोनों को छोड़कर हीरालाल बाइक से चला गया,उसके बाद भगवानसिंह ने 11 दिन तक कमरे में बंधक बनाकर रखा और कई बार बिना मर्जी के गलत काम किया। 27 अगस्त को गोमची गांव की एक महिला आई, जिसे पीड़ित ने आपबीती सुनाई। महिला का बेटा उसे दूसरे गांव मंजीरा लेकर गया, जहां से महिला ने अपने भाई को फोन लगाया और घटना के बारे में बताया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर भगवानसिंह निवासी तलावड़ामहाराजा और सहआरोपित संदीप लववंशी निवासी बेरियाखेड़ी, हीरालाल निवासी टकनेरा थाना मलावर सहित तीन अन्य के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरु की।

# हत्या के प्रयास का आरोपी गिरफ्तार

**सागर। दोपहर मेट्रो**

युवक पर जानलेवा हमला कर फरार हुए एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। घटना मोतीनगर थाना क्षेत्र की है. मिली जानकारी के अनुसार फरियादी पार्थ सोनी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह अपने बड़े भाई निखिल सोनी के साथ. भोपाल रोड स्थित कृष्णा फैमिली रेस्टोरेंट बंद कर घर जा रहा था। रास्ते में रामबाग मंदिर के पास आरोपियों छोटू तिवारी, दीपक रैकवार, पीयुष चौरसिया एवं नितिन ने हमला कर दिया। छोटू तिवारी ने निखिल सोनी को पकड़ा, जिसके बाद पीयुष चौरसिया ने बका से उसके सिर पर प्रहार किया। निखिल के गिरते ही दीपक रैकवार एवं नितिन ने चाकू से उसके सीने और जांघ में वार किए। बीच-बचाव करने पर फरियादी पार्थ सोनी को भी बका से पीठ पर चोट पहुंचाई गई। गंभीर हालत में निखिल सोनी को बीएमसी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## मेट्रो एंकर

### नौरादेवी टाइगर रिजर्व: भारत में दहियर या दहियल पक्षी के नाम से जाना जाता है यह पक्षी

# दुर्लभ प्रजाति का परिंदा है सैंड ग्राउंस, पंखों में भरकर लाता है पानी

**विशाल रजक। तेन्दूखेड़ा**

वीरांगना रानी दुर्गावती (नौरादेही) टाइगर रिजर्व अब दुर्लभ प्रजाति के पक्षियों के रूप में भी अपनी पहचान बना रहा है। वर्तमान में यहां एक ऐसा दुर्लभ परिंदा पाया गया है, जो अपने चूजों की प्यास बुझाने के लिए काफी दूर से पानी अपने पंखों में भरकर लाता है। यह अपने आप में प्रकृति का नायब तोहफा है। सैंड ग्राउंस या सैंड सैंडपाइपर को भारत में दहियर या दहियल पक्षी के नाम से जाना जाता है। इसके अलावा कई इलाकों में इसे दहियर, दहियल, ग्वालिन, दयाल, दहगल, काली सुई चिड़िया, श्रीवद, दहियक, कालकंठ का नाम भी प्रचलित है।

इस पक्षी की खासियत ये है कि बीज, दाने और घास के तिनकों को भोजन बनाता है। पानी के लिए लंबा 30 से 40 किमी तक का सफर तय करता है। खासकर अपने चूजों को पानी पिलाने के लिए ये जो तरीका अपनाता है, वो अपने आप में अनोखा है। ये अपने शरीर के निचले हिस्सा में पानी का संग्रह करता है और फिर अपने चूजों की प्यास बुझाने के साथ उन्हें ठंडा करने भी पानी देता है। इस पक्षी के पानी लाने का तरीका अनोखा होता है। यह अपने शरीर के निचले हिस्से के पंखों को पानी में डुबो-डुबोकर पानी को सोखता है। जब उन्हें भरोसा हो जाता है कि उनके पंखों में काफी मात्रा में पानी एकत्रित हो गया है, तो फिर मीलों सफर तय कर अपने बच्चों के पास पहुंचते हैं। उनके बच्चे पंखों से पानी पीते हैं और पानी झड़ाकर बच्चों को ठंडक देते हैं।



### यहां सैंड ग्राउस और पेंटेड सैंड ग्राउस दोनों पाए जाते हैं

"नौरादेही शुष्क इलाका है। यहां पक्षियों की विभिन्न प्रजातियों में एक सैंड ग्राउस का भी बसेरा है। ये एक दुर्लभपक्षी है, क्योंकि ज्यादातर बड़े और खुले मैदान में पाया जाता है। जिनकी संख्या कम होने के कारण इनके प्राकृतिक आवास नष्ट हो रहे हैं, लेकिन नौरादेही टाइगर रिजर्व में ये पाया जाता है। हमारे यहां सैंड ग्राउस और पेंटेड सैंड ग्राउस दोनों पाए जाते हैं।"

**-डॉ. एए अंसारी**, डिप्टी डायरेक्टर, टाइगर रिजर्व

### एमपी बॉर्डर पर पांच बदमाशों को पकड़ा

# पशु चोरों से पुलिस की मुठभेड़ गोलीबारी में दो लोग हुए घायल

**सतना। दोपहर मेट्रो**

प्रदेश की बॉर्डर के समीप यूपी के चित्रकूट जिले में मानिकपुर इलाके में पशु चोरों के साथ पुलिस की मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में गोली लगने से दो बदमाश घायल हो गए। बदमाशों के पैर में गोली लगी है। मौके से पुलिस ने 5 बदमाशों को पकड़ा जिसमें से चार सतना जिले के रहने वाले है। बदमाश लंबे अर्से से मवेशी चोरी का तस्करी में संलिप्त थे।

सूचना पर मानिकपुर, मारकुंडी, कोतवाली कर्वी और बहिलपुरवा थाना की पुलिस सक्रिय हुई और संदिग्धों को घेरने की तैयारी की गई। शनिवार तड़के काली घाटी के जंगल में मुठभेड़ हो गई। पुलिस घेराबंदी करने पर कार सवार बदमाशों ने पहले फायरिंग की। जिसमें एसओजी के जवान ज्ञानेश मिश्रा घायल हो गए। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दो बदमाश जाफर अली (27) निवासी सतना व नूर आलम (35) निवासी यूपी को पैर में गोली लगी और बाकी के तीन बदमाशों ने सरेंडर कर दिया। घायल बदमाशों को पुलिस कंधों के सहारे को वाहन तक ले गई जहां से दोनों अस्पताल पहुंचाया गया। बता दें एमपी-यूपी बॉडर में लंबे अर्से से पशु चोर व तस्कर सक्रिय हैं। पशु चोरी गिरोह में सतना के चार बदमाश शामिल थे। जाफर अली शॉर्ट एनकाउंटर में घायल हो गया। जबकि मो अयान (20). अंकुल यादव (20) व विजय सिंह चौहान (35) तीनों सतना निवासी मौके से दबोचे गए। कब्जे से दो कट्टे, एक कार, लोडर वाहन, चोरी की गई सात भैंसें और अन्य सामान बरामद हुआ है।

### एक ही सीजन बाद छोड़ी टीम

# द्रविड़ ने राजस्थान रॉयल्स के कोच पद से दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली , एजेंसी**

राहुल द्रविड़ ने इंडियन प्रीमियर लीगमें राजस्थान रॉयल्स टीम के हेड कोच का पद छोड़ दिया है। राहुल द्रविड़ को लेकर फ्रेंचाइजी ने बयान जारी किया है। आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स के लिए 46 मैच खेलने वाले द्रविड़ पिछले साल टीम के हेड कोच बने थे। उनकी कोचिंग में राजस्थान रॉयल्स का



प्रदर्शन आईपीएल 2025 में कुछ खास नहीं रहा था। राजस्थान रॉयल्स के आधिकारिक बयान में कहा गया, हेड कोच राहुल द्रविड़ राजस्थान रॉयल्स के सथ आईपीएल 2026 से पहले अपना कार्यकाल खत्म करेंगे। राहुल कई वर्षों से रॉयल्स के सफर के अहम केंद्र रहे हैं। उनके नेतृत्व ने खिलाड़ियों की एक पीढ़ी को प्रभावित किया है। टीम में मजबूत मूल्यों का संचार किया है और फ्रेचाइजी की संस्कृति पर एक अमिट छाप छोड़ी है। बयान में आगे कहा गया, फ्रेंचाइजी की संरचना की समीक्षा के हिस्से के तौर पर राहुल द्रविड़ को एक व्यापक पद की पेशकश की गई थी, लेकिन उन्होंने इसे स्वीकार नहीं किया। राजस्थान रॉयल्स, उसके खिलाड़ी और दुनिया भर के लाखों प्रशंसक राहुल द्रविड़ को उनकी शानदार सेवाओं के लिए धन्यवाद देते हैं।

### एशिया कप 2025 , यूएई में ऑलराउंडर्स का रोल कितना अहम

# टीम इंडिया में कौन-कौन दमदार, हार्दिक अक्षर, शिवम दुबे के आंकड़े हैं कमाल

**नई दिल्ली , एजेंसी**

**एशिया कप 2025 में भारतीय टीम में 4 ऑलराउंडरों को जगह दी गई है। हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, शिवम दुबे और अभिषेक शर्मा न सिर्फ अपनी बल्लेबाजी, बल्कि गेंदबाजी से भी असरदार हो सकते हैं। टीम की प्लेइंग-11 में किस ऑलराउंडर को मौका मिलेगा, ये तो पिच की कंडीशन्स और टीम की रणनीति पर निर्भर करेगा। यूएई की दोनों पिचों (शेख जायेद स्टेडियम और दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम) के टी20 आंकड़े अगर देखे जाएं तो यह बल्लेबाज और गेंदबाज दोनों को फायदा देती हैं, जिसके कारण टीम के ऑलराउंडर्स की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है।**

दुबई और अबू धाबी की कंडीशन्स को देखते हुए भारतीय ऑलराउंडर्स खासकर हार्दिक पंड्या और अक्षर पटेल का प्रदर्शन बहुत मायने रखेगा। दोनों ही खिलाड़ी अपनी बैटिंग और बॉलिंग से मैच का रुख बदलने में माहिर हैं। खासकर जब पिच धीमी हो जाए या ओस अपना असर दिखाए, तब उनका रोल सिर्फ रन बनाना या विकेट लेना नहीं, बल्कि टीम को सही



**हार्दिक पंड्या|** हार्दिक टीम इंडिया के बेस्ट ऑलराउंडर हैं। उनकी ताबड़तोड़ बैटिंग और मीडियम-पेस बॉलिंग टीम को बहुत मजबूती देती है। पंड्या ने अब-तक 114 टी20 इंटरनेशनल मैचों में 8.20 की इकोनॉमी के साथ सर्वाधिक 94 विकेट झटके हैं। वहीं, बल्लेबाजी में उन्होंने 114 मैचों में 27.87 की औसत से 1812 रन बनाए हैं। वह लोअर ऑर्डर में आकर टीम को अच्छा फिनिश देने के लिए जाने जाते हैं।

**अक्षर पटेल|** अक्षर एक कमाल के लेफ्ट-आर्म स्पिनर हैं। साथ ही उन्होंने अपनी बैटिंग में भी काफी सुधार किया है। अक्षर ने 71 टी20 इंटरनेशनल में 7.30 की इकोनॉमी के साथ 71 विकेट चटकाए हैं। वहीं, बल्लेबाजी में उन्होंने 71 मैचों में 18.44 की औसत से 535 रन बनाए हैं। अक्षर ने हाल ही में कई मौकों पर टीम के लिए जरूरी रन बनाए हैं। उन्होंने टी20 वर्ल्ड कप 2024 में टीम के लिए बल्लेबाजी में बहतरीन प्रदर्शन किया था।

#### शिवम दुबे

शिवम टी20 क्रिकेट में अपनी ताबड़तोड़ बैटिंग के लिए जाने जाते हैं। साथ ही वह मीडियम-पेस बॉलिंग भी करते हैं। दुबे ने टी20 इंटरनेशनल में 35 मैचों में 31.23 की औसत से 531 रन ही बनाए हैं। जबकि गेंदबाजी में उन्होंने 35 मैचों में 9.36 की इकोनॉमी के साथ 13 विकेट लिए हैं।

#### अभिषेक शर्मा


अभिषेक वैसे तो टीम के टॉप ऑर्डर में ताबड़तोड़ शुरुआत देने के लिए जाने जाते हैं। लेकिन इसके साथ-साथ वह एक पार्ट-टाइम स्पिनर भी हैं। बल्लेबाजी में उनके आंकड़े जबरदस्त हैं। वह टी20 इंटरनेशल के नंबर-1 बल्लेबाज हैं। उन्होंने सिर्फ 17 मैचों में 33.43 की औसत से 535 रन बनाए हैं। वहीं, गेंदबाजी में उनके नाम 8.05 की इकोनॉमी के साथ 6 विकेट हैं।

### दलीप ट्रॉफी, यश-अंकित के शतक

## नॉर्थ जोन मजबूत स्थिति में, ईस्ट जोन 230 पर सिमटा, सेंट्रल जोन को 679 रन का दिया टारगेट



**नई दिल्ली ।** कप्तान अंकित कुमार और यश धुल की शतकीय पारियों के दम पर नॉर्थ जोन ने दलीप ट्रॉफी में ईस्ट जोन के खिलाफ 563 रन की बढ़त हासिल कर ली है। वहीं, एक अन्य क्वार्टर फाइनल मुकाबले में सेंट्रल जोन ने नॉर्थ-ईस्ट जोन को जीत के लिए 679 रन का टारगेट दिया है। शनिवार को मुकाबले के तीसरे दिन नॉर्थ जोन ने दूसरी पारी में दो विकेट पर 388 रन बना लिए हैं। कप्तान अंकित कुमार (168 रन) नाबाद हैं, आयुष बडोनी (56 रन) उनका साथ दे रहे हैं। यश धुल 133 रन बनाकर आउट हुए। दूसरे मैच में सेंट्रल जोन ने दूसरी पारी 331/7 के स्कोर पर घोषित की और नॉर्थ-ईस्ट जोन को 679 रन का टारगेट दिया। ये दोनों मुकाबले बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंसी के 2 मैदानों पर खेले जा रहे हैं। रविवार को आखिरी दिन का खेल होगा। आगे दोनों मैचों की रिपोर्ट अंकित-धुल के शतक, नॉर्थ जोन का स्कोर 388/2, नॉर्थ जोन ने आज दूसरी पारी की शुरूआत की। लेकिन टीम ने 54 रन के स्कोर पर पहला विकेट गंवा दिया।



### सात्विक-चिराग की जोड़ी वर्ल्ड बैडमिंटन चैंपियनशिप के सेफा में

# मलेशियाई जोड़ी से ओलिंपिक की हार का चुकता किया हिसाब, मैडल हुआ पक्का

पेरिस। भारत के सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने वर्ल्ड बैडमिंटन चैंपियनशिप में मेडल पक्का कर दिया है। मेंस डबल्स में भारतीय जोड़ी ने शनिवार को क्वार्टर फाइनल मुकाबले में मलेशिया की जोड़ी आरोन चिया और सोह वुई यिक को 21-12, 21-19 से हराया। यह मलेशियाई जोड़ी के खिलाफ सात्विक-चिराग की 15 मैचों में से केवल चौथी जीत है। इस जीत के साथ भारतीय जोड़ी सेमीफाइनल में पहुंच गई और मेडल भी पक्का कर लिया। यह पेरिस में चल रहे चैंपियनशिप के मौजूदा सीजन में भारत का पहला मेडल है, जबकि इस जोड़ी का इस टूर्नामेंट में दूसरा मेडल है। सात्विक-चिराग ने 2022 के सीजन में ब्रॉन्ज मेडल जीता था। तब यह जोड़ी सेमीफाइनल में इसी मलेशियाई जोड़ी से हारकर बाहर हुई थी।

#### पेरिस की हार का बदला लिया

इस जीत के साथ भारतीय जोड़ी ने न केवल अपनी पेरिस ओलिंपिक 2024 क्वार्टर फाइनल हार का बदला लिया, बल्कि इस टूर्नामेंट में 2011 से अब तक हर वर्ल्ड चैंपियनशिप में भारत के मेडल जीतने की परंपरा भी कायम रखी। वर्ल्ड रैंकिंग में 9वें स्थान पर काबिज भारतीय जोड़ी ने मैच की शुरूआत शानदार अंदाज में की। पहले गेम में लंबी और फ्लैट रैलियों में अंक हासिल करते हुए उन्होंने 11-6 की बढ़त बना ली। मलेशियाई जोड़ी इस अंतर को पाटने में नाकाम रही और सात्विक-चिराग ने पहला गेम आसानी से 21-12 से जीत लिया।

### टी20 में पोलार्ड का जलवा

# 14,000 रन बनाने वाले दुनिया के दूसरे बल्लेबाज

**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान किरॉन पोलार्ड को टी20 क्रिकेट का महानतम खिलाड़ी माना जाता है। 38 साल के पोलार्ड इस सीपीएल में त्रिनबागो नाइट राइडर्स के लिए खेल रहे हैं। शनिवार को बारबडोस के खिलाफ हुए मैच में पोलार्ड ने अपने 14,000 टी20 रन पूरे किए।



बारबडोस के खिलाफ हुए मैच में पोलार्ड जब बल्लेबाजी करने उतरे तो टी20 में 14,000 रन पूरे करने के लिए 19 रन की जरूरत थी। पोलार्ड ने 9 गेंद पर 19 रन बनाकर अपने 14,000 रन पूरे किए। क्रिस गेल के बाद टी20 क्रिकेट में 14,000 रन पूरे करने वाले पोलार्ड दूसरे बल्लेबाज हैं। क्रिस गेल ने 2005 से 2022 के बीच राष्ट्रीय टीम, घरेलू टीम और लीग क्रिकेट के कुल 463 मैचों की 455 पारियों में 22 शतक और 88 अर्धशतक की मदद से 14,562 रन बनाए। गेल टी20 के सर्वोच्च स्कोरर हैं। पोलार्ड ने 2006 से राष्ट्रीय टीम और दुनियाभर की लीग में अब तक 712 मैचों की 633 पारियों में 1 शतक और 64 अर्धशतक लगाते हुए 14,000 रन बनाए हैं।

पोलार्ड 38 साल के हैं और लीग क्रिकेट में सक्रिय हैं। संभव है जल्द ही वे गेल को पीछे छोड़ते हुए टी20 फॉर्मेट के सबसे सफल बल्लेबाज बन जाएं। पोलार्ड ने 332 विकेट भी लिए हैं। पोलार्ड 14,000 रन बनाने और 300 विकेट लेने वाले एकमात्र क्रिकेटर हैं। वहीं, पोलार्ड टी20 में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों में 26वें स्थान पर हैं। पोलार्ड अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट और आईपीएल से संन्यास ले चुके हैं। इसके अलावा दुनिया की सभी लीग में वह अभी भी सक्रिय हैं। आईपीएल में वह मुंबई इंडियंस से बतौर बैटिंग कोच जुड़े हुए हैं।

**मनोरंजन** **बॉलीवुड का कोना**



# लईकी का करि बोल द पर त्रिशा ने दिए एक्सप्रेशन, फैंस बोले- नजर नहीं हट रही

द्य भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री के बड़े-बड़े सितारे अपनी फिल्मों, गानों और निजी जिंदगी से जुड़ी झलकियां सोशल मीडिया पर साझा करते रहते हैं। इस कड़ी में भोजपुरी की ग्लैमरस एक्ट्रेस त्रिशा कर मधु ने शनिवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक नया वीडियो पोस्ट किया है। वीडियो भले ही कुछ सेकंड का हो, लेकिन उसमें त्रिशा की अदाओं और एक्सप्रेशंस ने लोगों का दिल जीत लिया है।

वीडियो में त्रिशा एक बेहद खूबसूरत ब्लू प्रिंटेड गाउन में नजर आ रही हैं, जो उन पर बहुत अच्छा लग रहा है। उनके बाल खुले हुए हैं और मेकअप बिल्कुल हल्का है, जो उनके चेहरे पर एक नैचुरल ग्लो ला रहा है। उन्होंने एक हाथ में घड़ी पहन रखी है, जिससे उनका लुक और भी स्टाइलिश लग रहा है। इस वीडियो में वह लईकी का करि बोल द गाने पर लिप्सिंक करती नजर आ रही हैं। गाने के हर एक बोल पर उनके एक्सप्रेशन बेहद शानदार हैं। इस वीडियो को पोस्ट करते हुए उन्होंने लिखा, लईकी का करि बोल द त्रिशा कर मधु के इस वीडियो पर फैंस दिल खोलकर कमेंट्स कर रहे हैं। कई लोगों ने उनकी खूबसूरती की तारीफ करते हुए लिखा कि वह ब्लू गाउन में किसी अप्सरा से कम नहीं लग रही हैं। किसी ने कहा, आज आप परी लग रही हैं, तो किसी ने लिखा, नजर ही नहीं हट रही आपसे।



डांसिंग क्वीन अभिनेत्री माधुरी दीक्षित अपनी एक्टिंग और डांसिंग के लिए ही नहीं, बल्कि सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर भी सुर्खियों में बनी रहती हैं। माधुरी अक्सर सोशल मीडिया पोस्ट करती रहती हैं। उन्होंने शनिवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किया।

# माधुरी दीक्षित का कहीं आग लगे लग जावे पर शानदार डांस, फिदा हुए फैंस

अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर ट्रेंडिंग सॉन्ग कहीं आग लगे लग जावे पर डांस करते हुए रील पोस्ट की। माधुरी ने प्रिंटेड टॉप पहनी हुई है और गाने के बोल के साथ सटीक एक्सप्रेशन के साथ हुक स्टेप्स करती नजर आ रही हैं। उन्होंने वीडियो के साथ कैप्शन में लिखा, थोड़ा ड्रामा और थोड़ा जलवा। वीडियो देख फैंस यह अंदाजा लगा रहे हैं कि उनके साथ उनकी टीम नजर आ रही है।



फैंस इस वीडियो को काफी पसंद कर रहे हैं, और वीडियो पर खूब प्यार लुटा रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, मैं इस बिना भाव वाले वीडियो में भी माधुरी दीक्षित की ढेर सारी भावनाएं महसूस कर सकता हूं। दूसरे यूजर ने लिखा, आखिरकार इन्होंने भी ये ट्रेंड अपना लिया। एक अन्य यूजर ने लिखा, उफ्फ उफ्फ!

यह गाना सोशल मीडिया पर काफी ट्रेंड कर रहा है। कई सेलेब्स भी इस पर वीडियो बना चुके हैं। इससे पहले टीवी सीरियल अनुपमा फेम अभिनेत्री रूपाली गांगुली ने भी इस पर वीडियो बनाई थी, जिसमें वह अपने बेटे के साथ हुक स्टेप्स करती नजर आ रही थीं। अभिनेत्री ने यह वीडियो अपने बेटे के जन्मदिन पर पोस्ट की थी, जिसके कैप्शन में उन्होंने लिखा था, सुबह-सुबह जब मम्मा तैयार करके जबरदस्ती रील बनवाती हैं, तो रूडी (बेटे का नाम) के चेहरे के एक्सप्रेशन और मन की आवाज कुछ ऐसी होती है। हैप्पी बर्थडे मेरे बेटे, मेरे सोन-शाइन। मुझे तुम पर बहुत गर्व है। तुम जितने प्यारे और अच्छे दिल वाले हो, वैसा बहुत कम लोग होते हैं। मैं भगवान की शुक्रगुजार हूं कि तुमने मुझे अपनी मम्मा चुना। तुमसे बहुत प्यार करती हूं, बेटा। कहीं आग लगे लग जावे गाना साल 1999 में रिलीज हुई रोमांटिक ड्रामा फिल्म ताल का है, जिसे आशा भोसले, आदित्य नारायण और ऋचा शर्मा ने अपनी मधुर आवाज में गाया है। इसमें आनंद बक्शी के बोल हैं और एआर रहमान ने इसे संगीतबद्ध किया है।

### तारा सुतारिया पर छाया उत्सव का खुमार



# साड़ी में दिखीं तो वीर पहाड़िया ने पेश किया दिल

**छोटे पर्दे से मनोरंजन जगत में कदम रखने वाली स्टार तारा सुतारिया ने शनिवार को कुछ तस्वीरें साझा कीं। इनमें से चार में वो अकेली हैं, तो पांचवीं में उनके साथ वीर पहाड़िया नजर आ रहे हैं। ये दोनों के रिश्ते पर मुहर लगाती हैं, जिनकी चर्चा फिजाओं में महीनों से थी।**

दरअसल, इन तस्वीरों में चार चांद वो शब्द लगा रहे हैं जो तारा ने लिखे हैं। उन्होंने बेहद सामान्य भाषा में लिखा है- भक्ति, विश्वास और उत्सव।..गणपति बप्पा मोरया। तस्वीरों की पूरी शृंखला बेहद आकर्षक है। पहली चार में तो छोटी बिंदी और साड़ी पहने अभिनेत्री दिख रही हैं, लेकिन पांचवीं में उनके साथ खास दोस्त वीर पहाड़िया नजर आ रहे हैं। वो भी ट्रेडिशनल वियर में हैं। तारा की यह पोस्ट प्रशंसकों को बहुत पसंद आ रही है। वे इसमें कई तरह की प्रतिक्रिया दे रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, ये लड़की अपनी लुक्स से कभी निराश नहीं करती, तो दूसरे यूजर ने लिखा, सुंदरी, एक और यूजर ने लिखा, कोई भी आपसे ज्यादा सुंदर नहीं है। वीर भी खुद को कमेंट करने से रोक नहीं पाए और उन्होंने लाल दिल पेश कर दिया। इसके साथ ही इविल आई इमोजी भी पोस्ट किया, जिसका मतलब साफ है कि वो नहीं चाहते कि उनकी जोड़ी को किसी की बुरी नजर लगे। फैंस इस जोड़े की बलाएं लेते दिख रहे हैं। कुछ ने लिखा, पांचवीं तस्वीर में सब कुछ है। तो किसी ने लिखा, तारा और वीर।

#### टेलीविजन कलाकार के रूप में की कॅरियर की शुरुआत

अभिनेत्री ने गायिका और टेलीविजन कलाकार के रूप में अपने करियर की शुरुआत की थी। वह साल 2010 में डिज्नी चैनल के शो बिग बडा बूम में नजर आईं थी। स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2 (2019) से उन्होंने बॉलीवुड में कदम रखा, जिसके लिए फिल्मफेयर ने उन्हें बेस्ट डेब्युटेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया। उन्होंने मरजावां, तड़प, हीरोपंती 2, और एक विलेन रिटर्न्स जैसी फिल्मों में अभिनय किया है और अपूर्वा (2023) में टाइटल रोल अदा किया।

### बाहर सड़क पर दुकान लगाकर शराब पिलाने वालों को टीआई ने मारी लात!

# आजाद मार्केट के पास टीआई सहित पुलिसबल ने शराबियों को खदेड़ा

दोहपर मेट्रो, भोपाल।

**मंगलवारा थाना थाने के पीछे आजाद मार्केट के पास वाइन शॉप के सामने बीती रात एकाएक थाना प्रभारी बल के साथ पहुंच गए। पहुंचते ही उन्होंने लात और थप्पड़ बरसाने शुरू कर दिए। दरअसल, थाना प्रभारी का कहना है कि ट्रांस्पोर्ट रोड पर हम्माल दिन भर हम्माली करने के बाद वाइन शॉप के बाहर लगी दुकानों के पास खड़े होकर शराब पीते हैं। इससे वहां से गुजरने वालों को दिक्कतों का सामाना करना पड़ता है। कलारी से कुछ दूरी पर झांकी भी विराजमान है। पुलिस द्वारा इस तरह की गई कारवाई से आसपास के दुकानदारों में नाराजगी है।**

थाना प्रभारी अजय कुमार सोनी ने बताया कि शुक्रवार रात सूचना मिली थी कि वाइन शॉप के पास विवाद हो गया है। वे बल के साथ मौके पर पहुंचे। इस दौरान वाइन शॉप के पास अवैध रूप से लगाई गई दुकानों पर लोग खड़े दिखें, जिन्हें वहां से खदेड़ दिया गया। थाना प्रभारी का कहना है कि बार-बार शिकायत मिलने के कारण उन्हें बलपूर्वक कार्वाई करनी पड़ी। ताकि यहां आसामाजिक तत्वों का जमावड़ा न लग सके।

**दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई घटनाः** थाना प्रभारी ने पहुंचते ही ठेला लगाने वाले एक व्यक्ति को थप्पड़ मारने शुरू कर दिए। ठेले के पास एक खड़े युवक को उन्होंने लात मारी, जबकि ठेले वाले को भी लात मारी है। इसी बीच कर्मचारियों ने आसपास खड़े लोगों को पीटना शुरू कर दिया। एकाएक पुलिस की बलपूर्वक कार्वाई देखते हुए वहां खड़े लोगों में भगदड़ मच गई। यह पूरी घटना पास ही दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।


फाइल

#### अंडे की तपेली गिराई

सीसीटीवी फुटेज में बलपूर्वक कार्वाई साफ नजर आ रही है। थाना प्रभारी की लात और थप्पड़ के अलावा दुकान में रखी तपेली को लात मारकर गिराने की घटना की वीडियो में नजर आ रही है।

## देर रात घर में घुसकर चोरी का प्रयास, पकड़ने पर बदमाश ने लात घूंसों से पीटा

**भोपाल।** ऐशबाग थाना क्षेत्र स्थित जगन्नाथ कॉलोनी में देर रात बदमाश घर में घुस गया। सामान गिरने की आवाज सुनकर घर में रहने वाले फरियादी की नींद खुली तो बदमाश अलमारी से सामान चुराने का प्रयास कर रहा था। उसे पकड़ा तो उसने फरियादी के साथ लात घूंसों से मारपीट कर दी। शोर सुनकर अन्य परिजन पहुंचे और बदमाश को काबू में किया गया। उसे पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया है। पुलिस के अनुसार आमिर अली पिता बाबू खान (32) जगन्नाथ कालोनी बांबे बैकरी वाली गली, ऐशबाग में रहता है और कंस्ट्रक्शन का काम करता है। उसने अपने भाई आसिफ अली के साथ थाने पहुंचकर शिकायत की। उसने बताया कि बुधवार-गुरुवार की रात वह अपने कमरे में सो रहा था। रात करीब पौने 1 बजे उसे सामान गिरने की आवाज आई। उसने देखा तो बेडरूम में एक अज्ञात व्यक्ति घुसा हुआ है और अलमारी खोलकर चोरी कर रहा था। आमिर ने उसे पकड़ लिया तो उसने हाथ-मुक्कों से मारपीट कर दी। आमिर ने शोर किया तो उसके भाई पहुंच गए। इसके बाद बदमाश को पकड़ा गया। उसने अपना नाम सद्दाम हुसैन पिता शाहिद अली (34) ग्राम दौताई पोस्ट दौताई जिला हापुड़ उत्तर प्रदेश बताया। आमिर और उसके भाइयों ने बदमाश को पुलिस के हवाले कर दिया है। पुलिस आरोपी के खिलाफ चोरी के प्रयास का मामला दर्ज कर पूछताछ कर रही है।

# जेपी अस्पताल में मरीज-डॉक्टर विवाद को संभालने के लिए नई पुलिस चौकी बनेगी, बल भी बढ़ेगा

दोहपर मेट्रो, भोपाल।

**भारी व नये निर्माण के दौर से गुजर रहे राजधानी के जयप्रकाश अस्पताल मे अब लगभग दस साल पहले शासन से स्वीकृत हुई पुलिस चौकी की बिल्डिंग निर्माण का रास्ता साफ हो गया है।**



अस्पताल प्रबंधन ने नई बिल्डिंग के सामने 840 वर्गफीट जमीन चौकी के लिए आवंटित कर दी है। पहले पाम के पेड़ों के कारण डिजाइन में बदलाव की बात सामने आई थी। लेकिन अब बिना पेड़ काटे ही पुरानी डिजाइन पर निर्माण शुरू करने का फैसला लिया गया है। दरअसल, जेपी अस्पताल में प्रतिदिन करीब करीब तीन हजार मरीज ओपीडी में इलाज के लिए आते हैं। अस्पताल की 600 बिस्तरों की क्षमता और रोजाना यहां पहुंचने वाली भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के लिहाज से पुलिस चौकी की जरूरत लंबे समय से महसूस की जा रही थी। इलाज को लेकर कई बार मरीजों और डॉक्टरों के बीच विवाद की स्थिति बनती है। जिस पर तुरंत नियंत्रण के लिए चौकी का निर्माण जरूरी माना गया। अभी आलम यह है कि अस्पताल परिसर में पुलिस सहायता केंद्र तो है,लेकिन इसमें एक वक्त में केवल दो सिपाही तैनात नजर आते हैं। अब नई चौकी के लिए पुलिस बल भी अलग से स्वीकृत किया जाएगा।

#### 2015 से स्वीकृत है पुलिस चौकी

गौरतलब है कि वर्ष 2015 में जेपी अस्पताल में चौकी बनाने का प्रस्ताव शासन से स्वीकृत हुआ था। 2016-17 में इसके लिए 23.45 लाख रुपये भी मंजूर हो चुके थे। लेकिन जमीन को लेकर स्थिति स्पष्ट न होने से निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया। अब जब जमीन तय हो गई है और डिजाइन में बदलाव की आवश्यकता भी नहीं रही, तो निर्माण कार्य जल्द शुरू किया जाएगा।

#### इंडस्ट्रियल एरिया में भी बनेगी चौकी

उधर उद्योग विभाग ने बगरोदा इंडस्ट्रियल एरिया में पुलिस चौकी के लिये भी 1500 वर्गफीट जमीन दी। इसके चलते थाना कटारा हिल्स क्षेत्र के बगरोदा इंडस्ट्रियल एरिया में भी चौकी निर्माण की दिशा में कदम तेजी से बढेंगे। यहां उद्योग विभाग ने 1500 वर्गफीट जमीन चौकी के लिए आवंटित कर दी है। शासन से बजट स्वीकृति मिलते ही यहां भी चौकी का निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा।



**सेवानिवृत्ति पर सम्मान व स्वागत** अजाक्स के प्रांताध्यक्ष एवं गृह विभाग अपर मुख्य सचिव जेएन कांसोटिया के सेवानिवृत्त होने पर कर्मचारियों ने सम्मान किया तथा वाहन रैली के साथ निवास तक गए। घर पहुंचने पर परिवार के सदस्यों ने कंसोटिया का तिलक व आरती से स्वागत किया।

### राजभवन तिराहे के पास हादसा

# कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत

दोहपर मेट्रो, भोपाल।

**अरेरा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित केएन प्रधान तिराहा पर कार ने बाइक सवार बुजुर्ग को टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है।**

पुलिस के अनुसार श्यामला हिल्स निवासी मोहम्मद अरीब (55) गत 11 अगस्त को बाइक से राजभवन से पालीटेक्निक चौराहा की तरफ जा रहे थे। दोपहर करीब सवा दो बजे वह केएन प्रधान तिराहे के पास पहुंचे ही थे कि एक तेज रफ्तार कार के चालक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में उन्हें गंभीर चोट आई थी। तिराहा पर तैनात यातायात पुलिस के कर्मचारियों ने टक्कर मारने वाले कार चालक को रोक लिया और उसी की कार से अरीब को इलाज के लिए मालवीय नगर स्थित निजी अस्पताल पहुंचाया। हादसे की सूचना के बाद परिजन अस्पताल पहुंचे तो अरीब आईसीयू में भर्ती मिले और बेहोश थे। बाद में घरवालों ने थाने जाकर टक्कर मारने वाले कार चालक के खिलाफ केस दर्ज करवाया था। इधर, गुरुवार रात उनकी तबीयत बिगड़ी और मौत हो गई।

### न्यायालय ने सात हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया

# दिव्यांग बच्चियों से दुष्कर्म मामले में आरोपी छात्रावास संचालक को आजीवन कारावास

दोहपर मेट्रो, भोपाल।



राजधानी के विशेष न्यायालय ने दिव्यांग (श्रवण बाधित) बच्चियों के साथ दुष्कर्म और शोषण करने वाले छात्रावास संचालक को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने दोषी को विभिन्न धाराओं में सात हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माने की राशि जमा नहीं करने की स्थिति में दोषी को अतिरिक्त 6 माह का कारावास भुगतना होगा

जानकारी के अनुसार, यह मामला साल 2016 से 2018 के बीच का है। आरोपी भोपाल के अवधपुरी क्षेत्र में निजी हॉस्टल चलाता था, जहां श्रवण बाधित छात्राएं रहती थीं। इसी दौरान उसने बालिकाओं के साथ अश्लील हरकतें कीं, उन्हें धमकाया और कई बार दुष्कर्म किया।

एक पीड़िता ने विरोध किया तो आरोपी ने उसका वीडियो बनाया लिया था। मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न से तंग आकर पीड़िताएं अपने घर लौट गईं और बाद में समाजसेवी की मदद से आपबीती बताई। इसी आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की और आरोपी को न्यायालय में पेश किया था।

### आसपास के जिलों से खरीदकर लाता था शराब, स्लम एरिया में करता था ब्रिकी

# टैक्सी में सवारी के नाम पर शराब की तस्करी

दोहपर मेट्रो, भोपाल।

**अयोध्या नगर पुलिस ने अवैध शराब की तस्करी करने वाले एक तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से दस पेटी देशी मदिरा बरामद की है। आरोपी अपनी स्विफ्ट कार को टैक्सी में चलाता था। सवारी नहीं मिलने पर दूसरे जिलों से अवैध शराब लाकर यहां स्लम क्षेत्र में बेचता था। पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है।**

पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति टैक्सी के रूप में अपनी स्विफ्ट कार चलाने की आड़ में बाहर से अवैध शराब लाकर इंद्रपुरी, अर्जुन नगर और झील नगर झुग्गी एरिया में बेच रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस ने मंगल भवन नगर निगम ऑफिस के पास सुरेन्द्र धाकड़ (25) निवासी ग्राम सेवनिया ओंकारा पिपलिया जाहिरपीर थाना सूखी सेवनिया को हिरासत में लेकर तलाशी ली। तलाशी के दौरान कार की डिग्गी से चार पेटी और पीछे वाली सीट पर रखी छह पेटी समेत कुल दस पेटी (90 लीटर) देशी मदिरा मसाला शराब अवैध रूप से रखी मिली।



#### 6 लाख की शराब पकड़ी

पुलिस ने कार और अवैध शराब समेत कुल 6 लाख रुपए का मशरूका बरामद कर आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया। पुलिस ने बताया कि आरोपी इन दिनों अंकिता परिसर शुभम शादी हाल के पीछे अयोध्या नगर इलाके में रह रहा था। वह दसवीं कक्षा तक पढ़ा है और अपनी स्विफ्ट कार क्रमांक एमपी 04 टीबी 4385 टैक्सी के रूप में चला रहा था। उसके खिलाफ थाना देव नगर जिला रायसेन, थाना बरेली जिला रायसेन, गोविंदपुरा और अयोध्या नगर थाने में प्रकरण दर्ज हैं।

# वारदात की नीयत से घूमते बदमाश से पिस्टल व दो कारतूस बरामद

भोपाल, दोहपर मेट्रो

**क्राइम ब्रांच पुलिस ने यादगारे शाहजहांनी पार्क के पास से एक बदमाश को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक अवैध देशी पिस्टल व दो कारतूस बराम किए हैं। आरोपी किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में अंधेरे में छिपा खड़ा था। उसने पुलिस को बताया कि छतरपुर के एक शख्स से उसने 35 हजार रुपए में पिस्टल व कारतूस खरीदे थे। पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है।**

#### 35 हजार में छतरपुर के युवक से खरीदी थी अवैध पिस्टल

पुलिस के मुताबिक भ्रमण के दौरान मोती मस्जिद इकबाल मैदान के पास मुखबिर से सूचना मिली कि एक बदमाश अवैध देशी पिस्टल लिए किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में शाहजहांनी पार्क के पास घूम रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आई और शाहजहांनी पार्क के आसपास रैन बसेरा देखते हुए पार्क के पीछे वाली दीवार के पास पहुंची। वह एक युवक अंधेरे में खड़ा दिखाई दिया। पुलिस को देखते ही उसने भागने का प्रयास किया लेकिन टीम ने घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम मुख्तार खान (30) निवासी जनता नगर फेस टू करोंद का होना बताया। तलाशी लेने पर उसकी कमर में घुसी मैगजीन वाली एक देशी पिस्टल और पेंट की जेब से पिस्टल के दो कारतूत बरामद हुए। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि करीब डेढ़ साल पहले उसने छतरपुर निवासी सुरेन्द्र नामक व्यक्ति से एक पिस्टल व दो कारतूस 35 हजार रुपए में खरीदे थे।

**मेट्रो एंकर**

### मैट्रो प्रोजेक्ट की जद में आने से टूटी दुकान, हुआ नुकसान

# दुकान टूटने से दुखी होकर मार्बल कारोबारी ने ट्रेन से कटकर दी जान

दोहपर मेट्रो, भोपाल।

**कोहेफिजा थाना क्षेत्र स्थित साहिब बंदगी आश्रम के पास नेवरी रेलवे ट्रैक पर शनिवार शाम मार्बल कारोबारी ने ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली। उनके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्रारंभिक जांच में पता चला कि मेट्रो प्रोजेक्ट के चलते उनकी दुकान टूट गई थी। वे बिना बताए कल सुबह से घरसे कहीं चले गए थे और परिजन उन्हें तलाश कर रहे थे।**



दुकान टूटने से उन्हें आर्थिक नुकसान हुआ था। इसी बात को लेकर वह डिप्रेशन में थे। पुलिस के अनुसार गोकुलधाम कॉलोनी गांधीनगर निवासी रामलाल गुर्जर (46) मार्बल कारोबारी थे। उनकी जिंसी चौराहा पर मार्बल की दुकान थी। मेट्रो प्रोजेक्ट आने के कारण उनकी दुकान टूट गई। दुकान टूटने से अपने आर्थिक नुकसान हुआ था। इसके अलावा वह बीमार थे और उनका अहमदाबाद में इलाज चल रहा था। बीमारी और दुकान टूटने के कारण वह आर्थिक रूप से कमजोर हो गए थे। परिजन ने बताया शनिवार सुबह वह घर से बिना बताए निकल गए थे।

उनकी काफी देर तलाश करने के बाद गांधीनगर थाने पहुंचकर गुमशुदगी दर्ज कराई। इधर शाम को कोहेफिजा पुलिस ने उनकी लाश नेवरी रेलवे ट्रैक से बारामद की। ट्रेन की चपेट में आने से उनके शरीर के दो टुकड़े हो गए थे। अनुमान है रेलवे ट्रैक पर लेटकर उन्होंने आत्महत्या की है।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022